फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 56, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 24 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा, तुरंत जमानत भी मिली, 'राहुल गांधी ने रैली में कहा था सारे चोरों का सरनेम मोदी'**

## मानहानि केस: राहुल गांधी दोषी करार

**सूरत:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में सूरत की अदालत ने फैसला सुना दिया। कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई। हालांकि, मामले में उन्हें तुरंत ही जमानत भी मिल गई। सजा का एलान होने के बाद राहुल गांधी ने ट्विटर पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, "मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन।"

**याचिका दायर करने वाले पूर्णेश मोदी का बयान भी आया:** दूसरी तरफ राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले में मानहानि का केस दायर करने वाले पूर्णेश मोदी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया है और यह एक अहम फैसला है। दरअसल, राहुल पर मोदी उपनाम पर टिप्पणी करने के लिए आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज था। गुजरात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर, पार्टी विधायक दल के नेता अमित चावड़ा, अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा और विधायक सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आने के बाद से ही सूरत में मौजूद हैं।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने पिछले शुक्रवार को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 23 मार्च की तारीख तय की। राहुल इस मामले की सुनवाई के दौरान तीन बार अदालत में पेश हुए। अक्तूबर 2021 में बयान दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे राहुल ने खुद को निर्दोष बताया था।



### क्या राहुल गांधी की सांसदी जाएगी?

**क्या** इस मामले में दोषी पाए जाने के बाद द्द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो जाएगी? द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (3) के तहत अगर किसी सांसद या विधायक को किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है और उसे 2 साल या इससे ज्यादा की सजा सुनाई जाती है, तो उसकी संसद या विधानसभा सदस्यता खत्म हो जाएगी। वह रिहाई के 6 साल बाद तक चुनाव भी नहीं लड़ पाएगा। द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट की धारा 8 (4) कहती है कि दोषी सांसद या विधायक की सदस्यता तुरंत खत्म नहीं होती। उसके पास तीन महीने का समय होता है। इस दौरान अगर वह हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में अपील कर देता है तो उस अपील की सुनवाई पूरी होने तक सदस्यता नहीं जाती। अगर वह अपील नहीं करता है तो तीन महीने बाद उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाती है। हालांकि जुलाई 2013 में लिली थॉमस ५२ यूनियन ऑफ इंडिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (4) के तहत मिली छूट को असंवैधानिक बताया।

**न्यायपालिका को भी अपनी जेब में रखना चाहती है कांग्रेस: बीजेपी**

नई दिल्ली: सूरत की एक अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि के मामले दो साल की सजा सुनाई। हालांकि, अदालत ने उन्हें तुरंत ही जमानत भी दे दी। राहुल पर 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान एक रैली में मोदी सरनेम पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इस मामल में गुजरात के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया था। वहीं, अदालत के फैसले के बाद भाजपा की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है।

### सजा के एलान के बाद विपक्ष बिफरा

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खरगे ने अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें जमानत मिल गई है। हम शुरू से जानते हैं कि वे जज बदलते रहे। हम कानून और न्यायपालिका में भरोसा रखते हैं और हम कानून के मुताबिक इसके खिलाफ लड़ेंगे।

दबाव में न्यायपालिका, राहुल साहसी व्यक्ति: वहीं, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा, हम कहते रहे हैं कि हमारा लोकतंत्र खतरे में है, क्योंकि न्यायपालिका, चुनाव आयोग, ईडी पर दबाव है और उन सभी का दुरुपयोग किया जा रहा है। सभी फैसले प्रभाव में लिए जाते हैं। इस तरह की टिप्पणियां आम हैं..राहुल गांधी एक साहसी व्यक्ति हैं और केवल वही एनडीए सरकार के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।

मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे: कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने ट्वीट में प्रतिक्रिया देते हुए कहा, डरी हुई सत्ता की पूरी मशीनरी साम, दाम, दंड, भेद लगाकर राहुल गांधी की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। मेरे भाई न कभी डरे हैं, न कभी डरेंगे। सच बोलते हुए जिये हैं, सच बोलते रहेंगे। देश के लोगों की आवाज उठाते रहेंगे। सच्चाई की ताकत व करोड़ों देशवासियों का प्यार उनके साथ है।

**'राहुल गांधी ने रैली में कहा था सारे चोरों का सरनेम मोदी':** भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने मानहानि के मामले में दो साल की सजा दी है। कांग्रेस पार्टी बहुत कुछ कह रही है।

## कुरुक्षेत्र में तीन दिन रुका था अमृतपाल

**चंडीगढ़: खालिस्तान** समर्थक और वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह पंजाब पुलिस की गिरफ्त से फरार होने के बाद हरियाणा पहुंचा था। पुलिस से बचने के लिए वह 19 मार्च को रात एक बजे शाहाबाद पहुंचा था। यहां की सिद्धार्थ कॉलोनी में वह तीन दिन रुका था। 22 मार्च रात करीब साढ़े तीन बजे वह यहां से फरार हुआ। बताया जा रहा है कि वह अपनी एक समर्थक महिला बलजीत कौर के घर रुका था। बलजीत कौर लंबे समय से अमृतपाल के संपर्क में रही है। उसका भाई लाडवा के एक अधिकारी का रीडर है। स्थानीय पुलिस ने भी संबंधित महिला, अधिकारी के रीडर व उनके पिता को एसटीएफ के हवाले कर दिया। कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक सुरिंदर सिंह भोरिया ने बताया कि रविवार को शाहाबाद में अपने घर पर अमृतपाल और उसके सहयोगी पापलप्रीत सिंह को शरण देने वाली महिला बलजीत कौर को गिरफ्तार कर लिया है। महिला को पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया है। बताया जा रहा है कि अधिकारी रीडर ने कुरुक्षेत्र उपायुक्त शांतनु शर्मा के सामने सरेंडर किया था। वहीं मामले के सामने आते ही पुलिस के साथ-साथ आसपास भी हड़कंप सा मच गया।



### राहुल गांधी को मिली उनके किए की सजा : भाजपा

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरनेम को लेकर एक विवादित टिप्पणी की थी। इसको लेकर सूरत की कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए उन्हें दो साल की सजा सुनाई है। यह उनके किए की सजा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि राहुल गांधी को सूरत की एक कोर्ट ने मानहानि के मामले में दो साल की सजा दी है। कांग्रेस बहुत कुछ कह रही है ।

## योगी सरकार ने पिछले छह वर्षों में साढ़े पांच लाख युवाओं को दी सरकारी नौकरी



**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोक भवन सभागार में ई-अधियाचन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में अधिकारी वर्ग में चयनित 496 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले छह साल में साढ़े पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी पूरी पारदर्शिता के साथ दी है। किसी अभ्यर्थी के साथ कोई भेदभाव नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में युवाओं के समक्ष नौकरी एवं रोजगार की संभावनाएं हैं। आज युवाओं को उत्तर प्रदेश के बारे में बताने में गौरव की अनुभूति होती है। छह वर्ष पहले यहां विकास के कार्य में माफिया हावी होते थे। यहां पर प्रशासन में ट्रांसफर-पोस्टिंग तास के पत्तों की तरह होती थी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में पिछले छह वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक तरफ पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है, दूसरी तरफ निवेश के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने का काम किया जा रहा है। पांच लाख से अधिक युवाओं को अपना स्टार्टअप लगाने के लिए सरकार ने प्रोत्साहित किया है। प्रदेश के युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ने में इन्वेस्टर समिट सहायक होगी। आदित्यनाथ ने कहा कि जनपद स्तर पर अभ्युदय कोचिंग शुरू की जाएगी।

## बहुविवाह, 'निकाह हलाला' को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर होगी सुनवाई



**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुस्लिमों में बहुविवाह और निकाह हलाला की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए उचित स्तर पर पांच न्यायाधीशों की नई संविधान पीठ का गठन करेगा। इस मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर करने वाले वकील अश्विनी उपाध्याय ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ से आग्रह किया था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 494 चालबाजी, हलाला आदि की अनुमति देती है और इसे रद्द करने की आवश्यकता है। पिछले साल 30 अगस्त को, जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एमएम सुंदरेश और सुधांशु धूलिया की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (ठलफ्छ), राष्ट्रीय महिला आयोग (ठउह) और राष्ट्रीय आयोग बनाया था। अल्पसंख्यकों (एनसीएम) ने जनहित याचिकाओं के पक्षकारों से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बनर्जी और न्यायमूर्ति गुप्ता पिछले साल क्रमशः 23 सितंबर और 6 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए, जिससे बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथाओं के खिलाफ आठ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए पीठ के पुनर्गठन की आवश्यकता को बल मिला।

**निकाह हलाला को अवैध घोषित करने की मांग:** उपाध्याय ने अपनी जनहित याचिका में बहुविवाह और निकाह हलाला को असंवैधानिक और अवैध घोषित करने का निर्देश देने की मांग की है। जबकि बहुविवाह एक मुस्लिम पुरुष को चार पत्नियां रखने की अनुमति देता है, निकाह हलाला उस प्रक्रिया से संबंधित है।

**टेक्नोलॉजी के माध्यम से प्राचीन ग्रन्थों को सुरक्षित कर रही मोदी सरकार**

## शाह ने कला वैभव का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली: केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार टेक्नोलॉजी के जरिए भारत की प्राचीन पुस्तकों और पांडुलिपियों के ज्ञान को भविष्य के लिए सुरक्षित कर रही है। अमित शाह ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा निर्मित एक वैदिक विरासत पोर्टल और एक आभासी संग्रहालय कला वैभव का शुभारंभ करने के बाद यह बात कही।



वैदिक हेरिटेज पोर्टल का लोकार्पण: केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया कि मोदी सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से भारत के प्राचीन ग्रन्थों व पांडुलिपियों के ज्ञान को भविष्य के लिए सुरक्षित कर रही है। इसी दिशा में निर्मित वैदिक हेरिटेज पोर्टल का लोकार्पण किया। इससे युवा पीढ़ी वेदों व उपनिषदों के ज्ञान व परंपरा को आगे बढ़ा सकेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने आईजीएनसीए के 64 कलाओं पर आधारित वर्चुअल म्यूजियम कला वैभव का भी लोकार्पण किया। इस म्यूजियम के माध्यम से दुनिया भारत की वास्तुकला, चित्र, नाट्य, संगीत आदि समस्त कलाओं से और अधिक परिचित होगी और विश्व को भारत की वैभवशाली संस्कृति का समृद्ध इतिहास जानने में सुविधा होगी।

## सेना की छवि धूमिल करना चाहते थे: वीके सिंह



**नई दिल्ली:** केंद्रीय नागरिक उड्डयन, सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने 2012 में तत्कालीन मनमोहन सरकार के 'तख्तापलट' की रिपोर्ट के दावों को खारिज किया है। एक समाचार रिपोर्ट के बाद दावा किया गया था कि 16 जनवरी, 2012 को सरकार को बिना बताए भारतीय सेना की दो यूनिटों ने दिल्ली की ओर कूच किया था। यहां ये भी बता दें कि उस वक्त भी तत्कालीन सरकार और सेना ने इसे सिरे से खारिज कर दिया था।

**'सशस्त्र बलों की छवि को धूमिल करना चाहते थे कुछ लोग':** वीके सिंह ने उस कथित सैन्य तख्तापलट का जिक्र करते हुए कहा कि "किसी ने पत्रकारिता की दुनिया में इस तरह की कपोल कल्पना की थी। कुछ लोगों के उकसावे पर ऐसा किया गया। वे लोग सशस्त्र बलों की छवि को धूमिल करना चाहते थे। तख्ता पलट जैसा कुछ नहीं था।

**16 जनवरी 2012 की रात का वीके सिंह ने किया जिक्र:** जनरल वीके सिंह ने 16 जनवरी 2012 की रात का जिक्र करते हुए कहा कि उससे लगभग एक सप्ताह पहले के समय पर जाइए ।

## छात्रों को तनाव से उबारने के लिए अब तैयार होगा मेंटल हेल्थ फ्रेमवर्क

**नई दिल्ली:** छात्रों के तनाव को भगाने के लिए वैसे तो स्कूल से लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों तक में अलग-अलग तरह के कई कार्यक्रम शुरू किए गए है, बावजूद इसके छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं थम नहीं रही है। महीने भर के अंदर आइआइटी मद्रास जैसे शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थान में दो छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं चौंकाने वाली है।

**शिक्षा मंत्री प्रधान के निर्देश के बाद तेज हुई पहल:** शिक्षा मंत्रालय ने इस दिशा में अपनी पहल तेज की है। जिसमें छात्रों को अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही उन्हें मानसिक रूप से स्वस्थ और मजबूत बनाया जाएगा। जिसे लेकर जल्द ही वह एक मेंटल हेल्थ फ्रेमवर्क जारी करने की तैयारी में है। छात्रों पर दबाव के कारण होने वाली ये घटनाएं इसलिए चिंता का कारण हैं क्योंकि आत्महत्या की कुल घटनाओं में छात्रों की संख्या लगभग आठ फीसद है।



**इस मुद्दे पर हुई उच्चस्तरीय बैठक:** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी इस मुद्दे पर पिछले दिनों मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की थी, जिसमें इस पर तेजी लाने के निर्देश दिए थे। माना जा रहा है कि यह फ्रेमवर्क महीने भर के अंदर ही जारी कर दिया जाएगा। इस फ्रेमवर्क को लेकर राय लेने की काम शुरू कर दिया है। इस प्रस्तावित फ्रेमवर्क के दायरे में स्कूल से लेकर उच्च शिक्षण तक रहेंगे।

**माता- पिता के साथ शिक्षक व संस्थान भी होंगे शामिल:** इसके अलावा इनमें छात्रों से जुड़ने वाले सभी पक्षकारों की जवाबदेही भी तय होगी। इनमें माता- पिता के साथ शिक्षक व संस्थान भी शामिल होंगे।

मंत्रालय के जुड़े अधिकारियों के मुताबिक छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर जो चीजें प्रभाव डालती है, वह पढ़ाई के साथ संस्थान का माहौल, वहां प्रशासनिक तंत्र, शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था, शिक्षक का व्यवहार, माता-पिता की ओर से पढ़ाई को लेकर डाले जाने वाले दबाव आदि कारण होते है। ऐसे में फ्रेमवर्क में सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा।

**भारत के शहरी इलाकों में भी बढ़ेगी पानी की किल्लत**

## जल संकट से जूझ रहे विश्व में 93 करोड़ लोग

**नई दिल्ली:** संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को जल्द ही पानी की गंभीर किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में विश्व में 93.3 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं और 2050 में यह संख्या 1.7-2.4 अरब तक पहुंच सकती है। संयुक्त राष्ट्र 2023 जल सम्मेलन से पहले जारी संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2023: जल भागीदारी और सहयोग' के अनुसार एशिया में लगभग 80 प्रतिशत लोग पानी की किल्लत झेल रहे हैं; पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान में यह समस्या अधिक विकट है।

**जल प्रबंधन के लिए हर देशों को मिलकर काम करने की जरूरत:** यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले ने इस अवसर पर कहा कि हम सब का भविष्य जल पर निर्भर है, ऐसे में सभी को मिलकर काम करना चाहिए ताकि इसे टिकाऊ रूप से प्रबंधित किया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, जल प्रबंधन के लिए देशों को अपनी सीमाओं से परे जाकर सोचना होगा। इस बारे में भारत और नेपाल के बीच महाकाली संधि (पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना) का उदाहरण दिया गया है। दोनों देशों के लिए जल और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में इस परियोजना के लाभकारी प्रभावों पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट में 2018 की गूगल की पहल का भी जिक्र है। गूगल ने भारतीय केंद्रीय जल आयोग और बांग्लादेश जल विकास बोर्ड के साथ साझेदारी में बाढ़ के बारे में सटीक और विस्तृत अलर्ट देने की व्यवस्था की है ।



## खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त भंडार: मांडविया

**नई दिल्ली:** केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि केंद्र के पास खरीफ सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है और देश भर के किसानों को उर्वरक आसानी से उपलब्ध होंगे। मांडविया ने बताया कि यूरिया की अनुमानित आवश्यकता 179.01 मीट्रिक टन है, जबकि घरेलू उत्पादन 139 लाख मीट्रिक टन और 55 लाख मीट्रिक टन यूरिया पहले से ही स्टॉक में है।

**खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध:**

उन्होंने कहा कि सरकार के पास खरीफ सीजन के लिए 25 लाख मीट्रिक टन डायमोनियम फास्फेट उपलब्ध है। खरीफ सीजन के लिए डायमोनियम फास्फेट (डीएपी) की आवश्यकता 58 लाख मीट्रिक टन है और घरेलू उत्पादन 20 लाख मीट्रिक टन है, जबकि 25 लाख मीट्रिक टन पहले से ही स्टॉक में है।

**कृषि क्षेत्र में उठाए जा रहे कई कदम:** खरीफ सीजन के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम की आवश्यकता 63 लाख मीट्रिक टन है और घरेलू उत्पादन 49 लाख मीट्रिक टन है जबकि 28 लाख मीट्रिक टन एनपीकेएस पहले से ही खरीफ सीजन के लिए स्टाक में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत यूरिया, भारत डीएपी, भारत एमओपी और भारत एनपीकेएस जैसे भारत बैनर के तहत एक राष्ट्र एक उर्वरक की पहल लागू की जा रही है।

**नैनो यूरिया से होंगे अधिक लाभ:** नैनो यूरिया के महत्व के बारे में बात करते हुए मंडाविया ने कहा कि यह पारंपरिक यूरिया की तुलना में अधिक कारगर है और किसानों के लिए उच्च फसल उपज, आसान परिवहन जैसे उच्च लाभ हैं। उन्होंने कहा कि किसान नैनो यूरिया को तवज्जो दे रहे हैं। मांडविया ने कहा कि सरकार ने नैनो डीएपी को मंजूरी दे दी है और इसका उत्पादन छह महीने के भीतर शुरू हो जाएगा।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### पत्रकार को मातृ शोक

**झूंसी।** साहित्यकार विश्वनाथ प्रसाद की धर्मपत्नी और अमर उजाला के पत्रकार शाश्वत की बड़ी माता बिमला देवी का 21 मार्च को वाराणसी में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुआ। मुखाग्नि छोटे पुत्र डॉ सीमांत प्रियदर्शी ने दी। उनके निधन पर डॉ देवीप्रसाद कुंवर, डॉ रामसुधार सिंह, डॉ सव्यसाँची, कमलनयन मधुकर, प्रो बाबूराम त्रिपाठी, हिमांशु उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में रचनाकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की। गुरुवार को झूंसी में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ओर से बैठक कर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. महमूद आलम, राजेन्द्र सिंह, मो. अयाज, अनुराग सिंह, मोहित निषाद, आनंद सिंह, रूप नरायन त्रिपाठी, अजय मौर्य, अनुराग पटेल आदि मौजूद रहे।

### देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम द्वारा आज बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राजेश निषाद पुत्र छोटेलाल निषाद निवासी निषाद बस्ती मोहब्बतगंज थाना नैनी को थाना नैनी क्षेत्रान्तर्गत मोहब्बतगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नैनी में मु0अ0सं0 150/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

# संदिग्ध दशा में मिला अधेड़ का शव, हत्या की आशंका



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** घर से बाहर गए युवक का शव गुरुवार को पाया गया। शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नारीबारी पुलिस चौकी एरिया के पास से गुजरी नहर (सरकारी शराब की दुकान के बगल) में गुरुवार को शव मिलने की जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। मौके पर आसपास के लोगों का मजमा लग गया। लोगों की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और उसकी शिनाख्त करवाई। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस ने शव को चीरघर भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक नारीबारी निवासी राम बहोर (45) पुत्र लाला प्रसाद बुधवार की शाम को अपने साथी के साथ कहीं बाहर निकला था। इसके बाद से राम बहोर घर वापस नहीं लौटा। घर पर परिजन राम बहोर का इंतजार करते रहे। इधर, गुरुवार की सुबह राम बहोर का शव पुलिस चौकी के बगल स्थित शराब की दुकान के पास नहर में पाया गया।

एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को बाहर निकलवाने के बाद उसकी शिनाख्त करवाई गई। पहचान होने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और कल शाम से उसके गायब होने की जानकारी मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए तहरीर दी है। शव को चीरघर भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल रामबहोर की मौत से उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रामबहोर के तीन बच्चे हैं। रामबहोर के बेटे विनय ने बताया कि उसके पिता कल शाम को घर से बाहर निकले थे। रातभर वह घर नहीं लौटे। इसके बाद उसकी खोजबीन की जा रही थी, इधर सुबह उनका शव नहर में मिलने की जानकारी हुई।

## ओवर लोडिंग से पल्टा टैक्टर दब कर चालक की दर्दनाक मौत



**करछना।** ओवर लोडिंग के चलते मिट्टी लाद कर चढ़ाई के दौरान टैक्टर ट्राली के चपेट में आने से चालक की दर्दनाक मौत दब कर हों गयी, घंटों मशक्कत के बाद मृतक का शव बाहर निकाला गया, जानकारी के अनुसार अवैध खनन को लेकर मिट्टी निकली जा रही थी, थाना क्षेत्र के ककरम सुलमई नहर की सड़क बन रही थी जहाँ यह ट्रैक्टर चालक चंद्रशेखर यादव उम्र 30 वर्ष पुत्र लालजी यादव निवासी बरहुला कलां कोरांव ट्रैक्टर चालक था मृतक अपने पिता की एकलौती संतान था उसके दो बच्चियां हैं पत्नी रतोल यादव का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## साइकिल एवं बाइक की जोरदार टक्कर वृद्ध की मौत

**जंघई- मुंगराबादशाहपुर मार्ग पर हुआ हादसा**

**जंघई।** जंघई- मुंगराबादशाहपुर रोड के सेमरी गांव में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाइक सवारों की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। अहमदपुर, गरियांव निवासी रामनरेश विश्वकर्मा 72 वर्ष की जंघई में लोहार की दुकान है वे प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी दुकान खोलने साइकिल से जंघई आ रहे थे सेमरी में छोटू शर्मा के घर के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे गिरकर बेहोश हो गए।आसपास के लोग उन्हें उपचार के लिए मुंगरा बादशाहपुर ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही दम तोड़ दिया परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।




## बाजे गाजे के साथ बड़े धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**जारी।** चैत्र की नवरात्रि के पावन पर्व पर जारी क्षेत्र के लोटाढ़ गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा में दिन गुरुवार को कलश यात्रा कथा स्थल से प्राचीन हनुमान मंदिर से होते हुए शीतला माता के मंदिर से पुनः कथा स्थल तक संपन्न हुई ।इस कलश यात्रा में सौभाग्यवती महिलाएं सिर पर कलश उठाए कतार बद्ध और पीला वस्त्र पहने अनुशासित होकर चल रही थी । मन में समस्त जीव प्राणियों के मंगल कामना करते हुए आगे बढ़ रही थी। साथ ही साथ इसी कड़ी में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ ।कथा ब्यास पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के मुखारविंद से सप्त दिवसीय कथा अनवरत चलेगी कथा में मुख्य यजमान पंडित गोविंद प्रसाद त्रिपाठी पूर्व प्रधान कुलगुरू पंडित प्रदीप मिश्रा महाराज ,पंडित सतीश तिवारी, भागवत परायण कर्ता पण्डित योगेश तिवारी ,व सहयोगी के रुप में विवेकानंद त्रिपाठी, सच्चिदानंद त्रिपाठी, कमलापति त्रिपाठी एडवोकेट, विद्यापति त्रिपाठी, गणपति त्रिपाठी,अन्य समस्त क्षेत्र की महिलाएं एवं समस्त भक्त जन शामिल रहे।

# शिक्षा और समरसता समाज के विकास में सहायक : मान सिंह

## होली मिलन में लोक कलाकारों ने बांधी समां, बेशरम की कविताओं पर जमकर लगे ठहाके

अखंड भारत संदेश



**करछना।** क्षेत्र के घूघापुर में प्रभावती ग्रामीण विकास समिति संस्थान द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में लोक कलाकारों ने खूब समां बांधी तो वहीं मंच पर पहुंचे चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम ने भी खूब ठहाके लगवाए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद एमएलसी डॉ.मान सिंह ने कहा कि होली पर्व पर हमारे आपसी सौहार्द और प्रेम की झलक मिलती है यही शिक्षा और समरसता हमारे समाज के बहुमुखी विकास में सहायक हैं हमें चाहिए कि अपने बच्चों को शिक्षित बनाते हुए अपनी लोक संस्कृति परंपरा और पर्वों के इस उल्लास को सहेजें। लोक कलाकार रेनू रोशनी ने फागुनी गीतों पर खूब तालियां बटोरी तो वहीं लोक कलाकार अभय राज यादव द्वारा प्रस्तुत धमार, बेलवरिया और चैता गीतों ने खूब तालियां लूटी। चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम के मंच पर पहुंचते ही कहकहे उठने लगे। नेता ऊ जौन जीति कै कुछ काम ना करे,दुइ दिन में गुजर जाए तो समझो बसंत है- जैसी पंक्तियों पर श्रोता लोटपोट हो उठे। संस्थान के सचिव डॉ.रामआसरे गौतम नेअतिथि जनों कवि, कलाकारों का माल्यार्पण स्वागत कियाऔर अध्यक्ष डॉ.अंसारी ने सभी अभ्यागत महानुभावों और श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। समारोह में मौजूद जिला पंचायत सदस्य राजेश्वर पांडे, डॉ.पप्पू यादव,पूर्व प्रमुख राज कुमार यादव, विजय राज सिंह राजू ने भी लोगों से सामाजिक समरसता और प्रेम बनाए रखने की अपील करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बाबा यादव मो.मोअज्जम,महेंद्र सिंह,रीता गौतम,हरिओम मिश्र,विनोद गौतम, दयाशंकर गौतम,राजा पांडेय,रामाश्रय यादव डॉ मुन्ना यादव ,राजकुमार गौतम, राम कैलाश, सुशील दुबे,रोशन लाल गौतम जटाशंकर यादव समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रोता मौजूद रहे।

# शहीदों के सपनों का भारत बनाने तक मजदूरों- कर्मचारियों की एकता के साथ संघर्ष जारी रहेगा : कॉम मनोज पाण्डेय

## शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के शहादत दिवस पर रेलवे कर्मचारियों ने शहीदों को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन सम्बद्ध कार्यलय पर शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू, क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह पाश के शहादत दिवस पर याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई शहिदों को याद करते हुए *कॉम मनोज पाण्डेय -राष्ट्रीय अध्यक्ष- इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन व केंद्रीय महामंत्री- नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन ने कहा कि शहीदे के सपनों का जो भारत बनना था, वो अभी तक नही बन पाया है, शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए मजदूरों- कर्मचारियों की एकता के साथ आम अवाम के हक हकूक के लिए संघर्ष जारी रखेगे, कॉम मनोज पाण्डेय ने बताया कि शहीद ए आजम भगत सिंह ने कहा था कि जब तक एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति का और एक देश द्वारा दूसरे देश का शोषण जारी रहता है, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहना चाहिए। वर्तमान सरकार जनता की सवारी गाड़ी भारतीय रेलवे सहित सेल, भेल ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, एअर पोर्ट सब कुछ पूंजीपतियों को सौप रही है, ऐक्टू राष्ट्रीय सचिव डॉ कमल उसरी ने कहा कि आज देश के संविधान, लोकतंत्र,देश की एकता बचाने के लिए हम शहीद दिवस पर संकल्प लेते है, जब हमारा देश अग्रेजो का गुलाम था तब अग्रेजो द्वारा लाए गए ट्रेड यूनियन डिप्युट बिल के खिलाफ 8 अप्रैल 1929 को जिस असेम्बली में हिंदुस्तान सोसलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारी साथी बटुकेश्वर दत्त और शहीद भगत सिंह ने बम फेंका था, वो आज आजाद भारत की संसद है, जिससे काबिज भाजपा की वर्तमान केंद्र सरकार 44 श्रमिक हितकारी कानूनों को जो वर्षों के संघर्ष और हजारों मजदूरों की शहादत के बाद बने थे, उन्हें समाप्त कर पूंजीपतियों के पक्ष में 4 श्रमिक संहिता बना रही है, श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन केंद्रीय कोषाध्यक्ष कॉम संजय तिवारी, सहायक महामंत्री सैय्यद इरफात अली, फ्रंट अगेंस्ट एन पी एस इन रेलवे उपाध्यक्ष कॉम शिवेन्द्र प्रताप सिंह, सैय्यद आफताब अहमद, सिद्धार्थ शर्मा, अफरोज आलम, सुनिल गुप्ता, जीतेन्द्र विशवकर्मा, मोहम्मद राशीद, रामचंद्र प्रजापति, अनिल मिश्रा, जयदीप नेगी, तजेंद्र छाबड़ा, सुनील आर्यन, राजकुमार आदि रहे। अंत दो मिनट का मौन रखकर सभी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## यमुनापार के शहीद हुए जवानों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**करछना।** अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ल स्मारक गुरुकुलम् पब्लिक स्कूल हनुमान पुर में 23 मार्च शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित हुआ। जिसमें लोगों की ओर से अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया। और यमुनापार के अमर शहीद रहे गिरीश कुमार शुक्ल राघवेंद्र शुक्ल महेश यादव लालमणि यादव रमाकांत तिवारी संतोष कुमार तिवारी के परिजनों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर व अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आओ झुक कर करे सलाम उन्हें जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है कितने खुशनसीब हैं वो लोग जिनका लहू वतन के काम आता है से हुआ। इसके साथ ही साथ विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों की ओर से अपने आजाद भारत की हमको कसम जान देंगे प्यारे वतन के लिए। आजादी की खुली हवा में निकले सीना तान के । हम बच्चे हैं हिंदुस्तान के । सहित देशभक्ति गीत प्रेरण गीत शहीद गीत व सैनिक गीतों की प्रस्तुतियां हुई। जिसमें लोगों की आंखें नम हो गई । समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ बीके सिंह ने कहा कि यमुनापार में शहीद हुए सैनिकों के गांव में शहीद द्वार का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमर शहीद गिरीश कुमार शुक्ला गुरुकुलम पब्लिक स्कूल की जगह सैनिक पब्लिक स्कूल होगा। और विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों का यूनिफॉर्म मलेट्री रंग का होगा । उन्होंने विद्यालय के480 नन्हे-मुन्ने बच्चों को मलेट्री यूनिफॉर्म उपलब्ध कराए जाने की घोषणा भी की । साथ ही साथ अतिथियों की ओर से शहीदों के नाम से पौध भी रोपे गए। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ला व जमुनापार जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांडेय तथा भाजपा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल ने कहा कि देश धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाला ही शहीद होता है। शहीद पत्नी कविता शुक्ला की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शहीद पुत्र नागेंद्र शुक्ला और प्रधानाचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी की ओर से सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया गया । समारोह का संचालन भाजपा भडेवरा मंडल के महामंत्री राम मनोहर मिश्र व श्यामू शुक्ला ने बारी-बारी से किया । इस मौके पर भाजपा यमुनापार के जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु शुक्ला भडेवरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष प्रदीप पांडेय व युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला संदीप तिवारी समाजसेवी धरवारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह प्रबंधक विनय कुमार सिंह प्रभाकांत मिश्रा विजय शंकर तिवारी पवन कुमार मिश्र कमला शंकर तिवारी अलख नारायण शुक्ल विनय शुक्ला राजकुमार मिश्रा मुकुंद लाल सोनकर अमित मिश्रा अशोक कुमार पटेल रवि सिंह पटेल नंदलाल द्विवेदी राजकुमार द्विवेदी अतुल तिवारी शिवम पांडेय राजेश पांडेय के सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### शहीद गिरीश शुक्ला की पत्नी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया



## शहीद भगत सिंह व राजगुरु को नमन कर दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** क्षेत्र के भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में गुरुवार को संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने शहीद दिवस के अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव जी जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते हंसते फांसी के फंदे को ग्रहण कर लिया था और देश के खातिर अपने प्राणों की बलि दे दी थी। इन वीर शहीद सपूतों की याद में उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि देकर संस्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा एसे क्रांतिकारी अमर सपूतों के योगदान को और इनके बलिदान को भला कोई कैसे भूल सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं से इनसे प्रेरणा और इनके देश प्रेम से शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। देश इन शहीदों के योगदान को कभी नहीं भुला सकता। इनके बलिदान को शत शत नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजन कुमार, अखिलेश शर्मा, प्रांजल यादव, प्रमुदित यादव, संजय शर्मा, रानू चौरसिया, सुरक्षा निषाद, महिमा, किरण दूबे, सविता, अर्पिता सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं तथा समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।




## जाल साज ने सोलर लाइट लगाने के नाम पर दो लाख ऐंठा

**मऊआइमा।** एन एस किसान सेवा केन्द्र इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप के संचालक को अपने बातों में फंसा कर जाल साज ने सोलर लाइट लगाने के लिए दो लाख रुपये ऐंठ लिया। जब पंप पर सोलह लाइट नहीं लगा तो संचालन ने कथित कंपनी को फोन किया। तो वह गालियां बकते हुए हत्या की धमकी दी। पंप संचालक ने जाल साज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तेजपुर निवासी मोहम्मद शमशाद अहमद पुत्र स्वर्गीय नईम उल्ला का कहना है कि वह ग्राम कहली स्थित एन एस किसान सेवा केन्द्र इंडियन ऑयल के नाम से पेट्रोल पंप चलाते हैं। मोहम्मद शमशाद के मुताबिक ग्राम बागी स्थित पेट्रोल पंप के संचालक हस्सू उर्फ हसनैन , मोहम्मद शोएब के सामने विमल स्वथोशन कंपनी के बृजेश कुमार पांडेय से सोलर लाइट लगाने की बात हुई । आरोप है कि मोहम्मद शमशाद अहमद ने आर टी जी एस के जरिए दो लाख भेज दिया और कुछ नगदी भी दिया। आरोप है कि कथित कंपनी एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद सोलर लाइट नहीं लगाया। पहले आज कल पर टालता रहा। बाद में फोन पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। जिसपर मोहम्मद शमशाद अहमद ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर विमल स्वथोशन कंपनी के बृजेश कुमार पांडेय के खिलाफ जाल साजी ,फ्राड, अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## न्यूज झरोखा

### नैनी स्टेशन पर एंबुलेंस के इंतजार में घंटों तड़पता रहा यात्री



**नैनी।** नैनी स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक यात्री ट्रेन की चपेट में आकर अपना एक पैर खो दिया मिली जानकारी के अनुसार नैनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुए युवक करीब ढाई घंटे तक तड़पता रहा हैरानी की बात या की आरपीएफ एवं जीआरपी वाले पहले तो देर से पहुंचे फिर घंटे भर एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे युवक का एक पर पूरी तरह से जख्मी था खून बह रहा था और वह दर्द से तड़प रहा था तड़पते तड़पते वह बेहोश हो गया लेकिन आरपीएफ वाले तमाशबीन बने एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे एम्बुलेंस आने पर उसे अस्पताल ले जाया जा सका बुधवार शाम को एक यात्री का ट्रेन की चपेट में आने से बाया पैर कट गया सूचना पर पहुंचे जीआरपी ने आरपीएफ का कार्यक्षेत्र बताते हुए सूचना दी कुछ देर बाद आरपीएफ मौके पर पहुंची यात्री को प्लेटफार्म पर लिटा दिया और एम्बुलेंस को फोन कर गाड़ी आने का इंतजार करने लगे अस्पताल भेजने में 2 से 3 घंटे का समय लग गया प्रत्याशियों के मुताबिक उसे रात मैं एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया प्लेटफार्म पर घायल पड़े यात्री ने अपना नाम राकेश कुमार विश्वकर्मा उम्र 40 पुत्र चंद्रिका प्रसाद विश्वकर्मा निवासी बनकटिया महाराजगंज गोरखपुर बताया उसके बाद वह बेहोश हो गया एंबुलेंस आने के बाद उसे अस्पताल भेजा गया आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि सिपाही मौके पर पहुंच गए थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में कार्तिकेय एवं अमित ने मारी बाजी

**मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सरदार पटेल इंटर कॉलेज के छात्र रहे अव्वल**




**रत्योरा।** बृज बिहारी सहाय इण्टर कालेज प्रयागराज में जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज द्वारा आयोजित मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सरदार पटेल इण्टर कालेज सिकरो कोरांव के छात्रों का दबदबा रहा। इस विद्यालय के कक्षा 9 के छात्र कार्तिकेय सिह एवं अमित सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी विद्यालय के कक्षा 9 की छात्रा श्रद्धा सिंह और दिव्यांशी शुक्ला को मण्डल स्तर का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सरदार पटेल इण्टर कालेज सिकरो कोराव के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह एवं समस्त शिक्षकों ने उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को बधाई दी है। प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों की लगन परिश्रम और मेहनत के कारण हर क्षेत्र में छात्र अव्वल आ रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए बधाई दी।

### रिटायर्ड वनाधिकारी की माता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**रत्योरा।** क्षेत्र के बहियारी खुर्द के रहने वाले रिटायर्ड वनाधिकारी इंद्र बहादुर सिंह एडवोकेट की माता के निधन पर इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस कोरांव में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में रिटायर्ड वनाधिकारी की माता स्वर्गीय गजराज कुमारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने मृत हुई पुण्यआत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। गजराज कुमारी का स्वर्गवास दिनांक 17 मार्च को हो गया था। गजराज कुमारी बहुमुखी प्रतिभा की धनी महिला थीं। मिलनसार व मृदुभाषी होने के कारण परिवार व गांव में सबके लिए वे प्रिय थीं। ईनके निधन से परिवार के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। शोक एवं श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से बाबू शोभनाथ सिंह, इंद्र बहादुर सिंह, आनंद बहादुर सिंह, अतुल सिंह, जय सिंह समेत भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इनका त्रयोदशाह व ब्राह्मण भोजन 29 मार्च को इंद्रप्रस्थ गेस्ट हाउस कोराव में आयोजित किया गया है। आमंत्रितगणों से पधारने की अपील की गई है।

### मां दुर्गा व जय श्री राम के उद्घोष के साथ निकली नव संवत्सर की शोभायात्रा




**सहसों।** नव संवत्सर एवं नव वर्ष तथा वासंतिक नवरात्रि के अवसर पर चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को पार्षद प्रत्याशी सियाराम मौर्य की अगुवाई में आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ ईसीपुर मलावां से प्रारंभ कर कसेरूवा खुर्द, लाला की बाजार, कसेरूआ कला, सहसों चौराहा, सहसों बाजार एवं सहसों बाईपास होते हुए वापस ईसीपुर में समाप्ति की गई। शोभायात्रा में भक्त युवक, बच्चे, बुजुर्ग शामिल होकर मां जगदंबा एवं मयार्दा पुरुषोत्तम राम की उद्घोष करते हुए एवं धर्म ध्वज के साथ शोभायात्रा में रास्ते पर भक्ति संगीत पर थिरकते रहे। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से राममिलन, राजबहादुर, राजकरण पाल, राम बहादुर यादव, घनश्याम मौर्य, अशोक मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त शामिल रहे।

### केदारनाथ स्मारक द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कोरांव।** कोरांव के पैतिहा ग्राम सभा में केदारनाथ स्मारक धार्मिक शैक्षणिक एवं सामाजिक न्यास के तत्वाधान में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं धार्मिक अनुष्ठान भंडारा आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम सोमेश मिश्रा आईएएस तथा उनके पिता सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी एवं समस्त परिवार जनों की ओर से जनहित आर्थिक विशाल चिकित्सा शिविर में लगभग 800 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। तथा दवाएं वितरित की गई ।कार्यक्रम आयोजक जे पी मिश्रा ने बताया कि उक्त शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें आंख, कान, नाक, गला आदि रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। तथा अपने यूपी एवं एमपी के तमाम आम नागरिक एवं जनप्रतिनिधि भाग लिए।

# मछली पकड़ने के मामले में पुलिस ने नौ के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा के ग्राम छीतेमऊ में मार पीट का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था**

**मऊआइमा।** तालाब में मछली पकड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच मार पीट गाली गलौज हुआ था। पुलिस ने दोनों ओर से नौ नामजद तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ निवासी अतीक उल्ला पुत्र शमीम उल्ला का आरोप है कि वह तालाब में पाइप लगा कर इंजन से खेत की सिंचाई कर रहा था। आरोप है कि तभी गांव के भारत लाल आ कर तालाब में मछली पकडने लगा। जिससे पानी गंदा होने से बार बार इंजन बंद हो जा रहा था। इसी बात को लेकर उसके परिजनों ने मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसको और उसके भाई जफर, अखलद को गंभीर चोटें आयी है। अतीक उल्ला ने मऊआइमा थाने में भारत लाल ,भुवाल ,शिवभोला, बरानिया देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दूसरे पक्ष की एक युवती ने मार पीट छेडखानी एंव जान से मारने की धमकी देते हुए एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में जफर, अतीक ,अखलद ,सिद्दीक ,मोहम्मद शानू तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। इस घटना का किसी ने वीडीओ बना कर वायरल कर दिया था।

## विद्यालय जा रही छात्रा के साथ छेड़खानी पर दर्ज हुआ मुकदमा

**मऊआइमा।** एक महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री के पीछे गांव का एक युवक पीछे पडा हुआ है। प्रायः फोन पर गंदी बातें करता है। विद्यालय पढने जा रही बेटी के साथ सरेराह अश्लील हरकतें किया।युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि गांव का एक युवक ऊसकी बेटी के पीछे पडा हुआ है। जीना मुहाल करके रख दिया है। पति अरब में रहता है। महिला का आरोप है कि युवक फोन करके परेशान करता है। जब उसकी पुत्री विद्यालय पढने जा रही थी तो युवक सरेआम उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर शोहदे सलमान पुत्र फुल्लर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## खबर संक्षेप

### संचारी रोग के बचाव के लिए कार्यशाला आयोजित कर दी गई जानकारी

**करछना।** संचारी रोग के बचाव के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन करछना विकासखंड के अंतर्गत गांवों में संचारी रोग डेंगू व अन्य बीमारियों से संबंधित बचाव के लिए ब्लॉक मुख्यालय सभागार करछना में गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अधीक्षक डॉ केवी सिंह कुशवाहा ,खंड विकास अधिकारी करछना देव कुमार, सहायक विकास अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ,खंड शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह ने ब्लॉक के सभी सहायक सचिव रोजगार सेवक सफाई कर्मी प्रधान वह क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संचारी रोग के बचाव के लिए गांव में सजग रहने के लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक एक अभियान के तहत स्कूली बच्चों को लेकर रैली आदि निकालकर जन जागरूकता अभियान के तहत इस रोग के बचाव के लिए छिड़काव टीकाकरण आदि संबंधित जानकारियां दी गई उपस्थित प्रमुख लोगों में सचिव संजीव श्रीवास्तव, मनीष कुमार यादव, अमित यादव, राजकपूर गौतम, कमल सिंह, रामसकल,राम रूप सिंह, महेश कुमार, अमरेश सिंह, एडीओ आईं एस बी, रोजगार संघ करछना के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार यादव, सचिन यादव, रोहित कुमार, अतुल कुमार,बिमल कुमार, उमेश कुमार, अशोक कुमार, विजय कुमार,राम चंद्र, मनोज कुमार, मिथिलेश कुमार, देशराज, शिवानंद, शिला कुमारी, नीलम, सुमन कुशवाहा, शेलेंद प्रताप आदि उपस्थित रहे।

# शाइस्ता का चुनाव प्रचार करते वीडियो हुआ वायरल पांच लाख का इनामी भी साथ में

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन का चुनाव प्रचार करते एक वीडियो वायरल हुआ है, इसमें पांच लाख का इनामी शूटर अरमान भी दिखाई दे रहा है। वीडियो में शाइस्ता मेयर का चुनाव प्रचार करती दिख रही हैं। समर्थकों द्वारा जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे हैं। शूटर अरमान उनके आस पास ही बना रहता है। वीडियो हत्याकांड से कुछ दिन पहले का बताया जा रहा है। शाइस्ता परवीन का यह दूसरा वीडियो है, जिसमें वह पांच लाख के इनामी शूटर के साथ दिख रही हैं। इससे पहले उमरपुर नीवा में उनका वीडियो वायरल हुआ था। उसमें भी वह चुनाव प्रचार के लिए जाती दिख रही हैं। उनके साथ पांच लाख का इनामी शूटर साबिर भी दिखा था। साबिर के साथ वीडियो वायरल होने के बाद ही पुलिस ने शाइस्ता पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया था।उसके बाद पुलिस ने अतीक के गुर्गे बली पंडित को हिरासत में ले लिया था। शाइस्ता उमरपुर नीवा में बली पंडित से मिलने गईं थीं। उमेश पाल हत्याकांड में जिन पांच शूटरों पर इनाम घोषित हुआ है, उनमें से दो के साथ शाइस्ता परवीन के वीडियो वायरल हो चुके हैं। पुलिस का कहना है कि शाइस्ता हत्याकांड से पहले सभी शूटरों के संपर्क में थीं।



### अतीक के करीबी कई पूर्व पार्षद भी जांच के घेरे में

अतीक अहमद और गिरोह से संबंधों के आरोप में कुछ पार्षद भी जांच के घेरे में हैं। इनकी संख्या एक दर्जन के आस पास बताई जा रही है। पुलिस को पता चला है कि इनमें से कई लोग अतीक गिरोह के साथ मिलकर जमीन का धंधा करते हैं। कई पर जमीन कब्जे का भी आरोप है। पार्षदी के चुनाव में अतीक काफी दखलंदाजी रहती थी। उसके कई करीबी कई बार पार्षद रह चुके हैं। अपने करीबियों को जिताने के लिए अतीक पैसे की थैली खोल देता था। ऐसे 10-12 पूर्व पार्षदों की जांच की जा रही है। कुछ पार्षदों ने तो अतीक से संबंधों के कारण अकूत संपत्ति इकट्ठा कर ली। अधिकांश अतीक गिरोह के साथ जमीन के धंधे में लिप्त हैं। विवादित जमीन पर काबिज लोगों को अतीक का खौफ दिखाकर जमीन को खाली कराने के धंधे में कई पूर्व पार्षदों का नाम आया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बीमारी से तंग युवक ने किया सुसाइड

**प्रयागराज।** गंगानगर के थरवई थानां क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार दोपहर परिजनों ने बॉडी लटकी देखी तो चीख-पुकार मच गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक बीमारी से परेशान था।थरवई थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी मोहम्मद आसीन (25) पुत्र मोहम्मद सलीम पांच भाई और तीन बहनों में बड़ा था। उसके तीन साल की बेटी है। वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। वह काफी दिनों से बीमार चल रहा था। कई डाक्टरों से इलाज करवाया लेकिन कोई लाभ नहीं हो रहा था। जिससे उसके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न होता जा रहा था। इस कारण आसीन काफी परेशान था।बीती रात वह खाना खाकर कमरे में सोने गया था। बीमारी की वजह से वह अक्सर देर से उठता था। बुधवार को भी जब वह नहीं उठा तो घरवालों ने सोचा कि लेटा होगा। जब काफी देर हो गई तो पत्नी शहनाज बानो उसे जगाने गईं। वहा वह पंखे के चुल्ले में साड़ी के फंदे से लटका मिला। यह देख उसकी पत्नी की चीख निकल गई। परिवार के लोग दौड़कर पहुंचे। पुलिस बुलाई गई। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है।



### नवरात्र, रमजान में फैली है गंदगी खराब पड़ी है स्ट्रीट लाइटें

**झूंसी।** नवरात्र चल रहा है आज से माहे ए रमजान भी शुरू हो गया। क्षेत्र में हर तरफ फैली गंदगी स्वच्छता अभियान की पोल खोल रही है। सड़को पर फैली गंदगी से सब से दिक्कत रोजेदारों व मंदिर जाने वाले भक्तों को होगी। जगह जगह गंदगी का अंबार लगा है। कूड़े के ढेर से उठ रही दुर्गंध में लोगों का सांस लेना दूभर हो रहा है वहीं सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइटें भी खराब है। नाराज लोगों ने मामले की शिकायत प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से करने की बात कही। प्रयागराज स्वच्छता में भले ही टॉप टेन की सूची में शामिल है लेकिन शास्त्री ब्रिज पार करते ही झूंसी में खाली प्लाट कूड़ा घर बने है। कूड़ा न उठने से सड़को पर गंदगी है और कूड़े गंदगी के बीच लोग आ जा रहे है। हवेलियां पटनई के पास स्थित मस्जिद के पीछे कूड़े का ढेर लगा है। कोहना निवासी मो. रिजवान का कहना है कि कूड़े व गंदगी की वजह से सब से अधिक परेशानी नमाजियों को होगी। वही कोहना के तौहीद ने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की कई बार शिकायत की जब मरम्मत नहीं हुई तो वह खुद ही मस्जिद की ओर जाने वाले रास्ते पर कई लाइट अपनी तरफ से लगवाया। यही हाल क्षेत्र के मंदिरो के आसपास का भी है। देवेंद्र मिश्रा उर्फ बुल्ली पंडित का कहना है कि नई झूंसी में स्थित किसी भी मंदिर के आसपास अभी तक स्ट्रीट लाइट नही लगी है।



## तैयारी में जुटा प्रशासनिक अमला प्रभारी मंत्री का आज है कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** जिले के प्रभारी मंत्री और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को बहादुरपुर विकासखंड के वजह गांव में जन चौपाल व अमृत सरोवर के साथ प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, सीएचसी गो आश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे। स्वतंत्र देव सिंह के आने पर सब कुछ बेहतर दिखाने के लिए दो दिन से खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर समेत सभी कर्मचारी बजहा गांव में डेरा डाले हुए हैं साफ सफाई के साथ बिजली, पानी, सड़क, नाली दुरुस्त कराया जा रहा है। गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार बजहा गांव पहुच तैयारी का जायजा लिया था साथ मे डीडीओ भोला नाथ, खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर मनोज सिंह, सचिव पंकज सिंह, प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, सकील आदि मौजूद रहे। बुधवार को भी सीडीओ गांव में तैयारी का जायजा लेने पहुचे थे।



### एनटीपीसी रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव

**मेजा।** मेजा क्षेत्र विसहिजन खुर्द गांव के समीप बुजुर्ग का शव एनटीपीसी रेलवे टैंक के पास मिलने से हड़कंप मच गया। शौच क्रिया को निकले ग्रामीणो ने देखा तो मौके पर लोगो की भारी भीड़ जुट गई। बता दे कि एनटीपीसी जाने वाले रेलवे टैंक पर विसहिजन खुर्द गांव के समीप एक बुजुर्ग जिसकी उम्र लगभग (60) वर्ष जिसकी शिनाख्त करछना थाना क्षेत्र के पनवसी गांव के रूप में हुई। बुजुर्ग के सिर में चोट के निशान देखने से पता चला कि ट्रेन के ठोकर लगने से उसकी मौत हुई। ग्रामीणों ने बुजुर्ग की जेब में मिले मोबाइल फोन से संपर्क कर परिजनों मो मामले की जानकारी दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुचकर जांच में जुटी।

# शराबी ने बीबी को पीटा खुद अपने घर में लगाई आग से आधा दर्जन लोगों के मकान जल कर हुए राख

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थान क्षेत्र के नरैना गांव निवासी लाल चंद पुत्र भोला नाथ पटेल शराबी किस्म का है और गुरुवार को वह अपने बीबी से शराब पीने के लिए पैस मांग रहा था बीबी ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने बीबी की जम कर पिटाई कर दिया और खुद अपने घर में आग लगा कर भाग गया घर में लगी आग से आस पास के आधा दर्जन लोगों के मकान जल कर राख हो जिससे लाखों की लोगों की गृहस्थी खाक हो गई, घटना तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा नरैना पटेल बस्ती में लगी भीषण आग जिससे कई घर जलकर हुई राख मौके पर पहुंचे उपजिला अधिकारी एवं तहसीलदार करछना ऐसो करछना एवं राजस्व टीम मौजूद रहे एवं दमकल पहुंचने पर आग



पर काबू पाया गया मौके पर पीड़ित परिवार को उप जिला अधिकारी के द्वारा कोटेदार से कह कर राशन भी मुहैया कराया गया वहां पर मौजूद मुकुंद लाल सोनकर जिला महामंत्री भाजपा अनुसूचित मोर्चा यमुनापार नरेश कुमार सोनकर जिला मंत्री भाजयुमो यमुनापार करछना सुब्बा लाल पटेल शेष बहादुर पटेल ने पीड़ितों को राहत एवं बचाव में मदद की।

### संदिग्ध परिस्थितियों में सरपत में लगी आग, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**सिरसा।** क्षेत्र के कठौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में सरपत व झाड़ियों में आग लगने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। गांव के लोग आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर पहुंची फायरबिग्रेड आग बुझाने में जुटी रही। बता दें कि गुरुवार दोपहर कठौली



गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में सरपत व झाड़ियों में आग लगने से किसानों में हड़कंप मच गया आग लगते तेजी के साथ किसानों के खेतो की तरफ बढ़ रही थी। आग की लपटों को देखकर किसान भयभीत हो उठे। किसानों को लगा कि अभी दो दिन पूर्व जहां आसमान से आफत की बारिश में उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। वहीं कहीं कसर आग न पूरा कर दे। इसी भय से किसान अपने खेतों की ओर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। सूचना पर पहुची फायर बिग्रेड की टीम आग पर काबू पाने के लिए जुट गई। दोपहर तीन बजे से लगी आग इतनी भयानक थी कि काफी रेंज में सरपत जलकर राख हो गया। औ? आग पके गेंहू के फसलों की ओर बढ़ रही थी। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को सूचना दिया। बीने समय गवाए पहुँचे फायर बिग्रेड के प्रभारी राजेंद्र तिवारी ,राजकुमार, देवेंद्र दुबे सहित कई फायरकर्मी आग बुझाने में जुट गए।

# शुऑटस में कृषको और छात्रों ने मनाया विश्व मौसम विज्ञान दिवस

अखंड भारत संदेश

**नैनी, प्रयागराज।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना के तहत विश्व मौसम विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन, कॉलेज ऑफ फॉरेष्ट्री, सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एण्ड सांइसेज, प्रयागराज के सभागर में किया गया। आज विश्व मौसम विज्ञान दिवस के आयोजन में मुख्य अतिथि प्रो0 (डा0) एटोनी जोसफ राज अधिष्ठाताए वानिकी महाविश्वालय को पुष्पगुछ कृषक ओम नारायण प्रजापति ने देकर स्वागत किया और डा0 सत्येद्र नाथ को आशिष ने पुष्पगुछ देकर स्वागत किया। (डा0) हर्ष बोघ पालीवाल को एंव डा0 प्रवीन चरन, डा0 सुबोध यादव आदि को कृषको ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो0 (डा0) एटोनी जोसफ राज ने कहा कि ये संस्थान सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एण्ड सांइसेज, प्रयागराज, 1910 ई0 से कृषको के हित में कार्य कर रही है इस संस्थान का नारा ही भूमि की सेवा कर के भूखे को भोजन देना ही है और संस्थान के द्वारा नई तकनिकियों, नई प्रजातियों को किसानो तक




पहुँचाना ही उदेश्य रहा हैं। विश्व मौसम विज्ञान दिवस पर उन्होने किसानो को स्वागत किया। डा0 प्रवीन चरन ने बताया कि 1950 ई0 में विश्व मौसम विज्ञान दिवस की आरम्भ हुआ और आज 74 वॉ दिवस मनाया गया। मौसम विज्ञान के द्वारा अगर मौसम आघारित खेती करते हैं तो हमें निश्चित लाभ प्राप्त होगा क्योंकि मौसम के द्वारा पता लगाकर खेती की सिंचाई गुड़ाई, बुवाई दवा का छिडकाव आदि क्रिया जाय तों होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। उन्होने बताया कि शुआट्स के द्वारा सप्ताह में मौसम पूवार्नुमान दो बार घोषित किया जाता है तथा किसान पोर्ट्रल पर तथा अखबारों के माध्यम से एवं सोसल मीडिया द्वारा निरंतर मौसम पूवार्नुमान भेजा जाता है और किसानें को खेती की नई नई तकनीकी जानकारी दी जाती है तथा जैसा कि अनुमानित किया गया है कि मौसम लगभग पिछले कई वर्षो से मौसम में परिवर्तन हो रहा है जिससे अधिक कार्बन का उत्र्सन हो रहा है मौसम में बदलाव आया है पिछले दिनों में वर्षा होने से फसलों को भारी नुकसान हुई। उन्होने ने बताया शियाट्स में यह वेधशाला 2001 से चल रही जिसमें काफी किसान लाभान्वित हो रहे हैं तथा डा0 सत्येन्द्र नाथ, एसोशियट प्रोफसर ने बताया कि हम सब को मिलकर कार्बन उत्तसर्जन को रोकना होगा अधिक से अधिक पौधे रोपने होगें। डा0 हर्ष बोध पालीवाल ने बताया कि धरती को बचाना है तो पाकृतिक संतुलन बनाये रखना होगा। जलवायू परिवर्तन के बारे में विशेष जानकारी देते हुए उन्होने मौसम के प्रभाव पर तमाम तथ्यों की जानकारी दी। डा0 सुबोध यादव के0 वी0 के 0 के वैज्ञानिक ने बताया कि यदि मौसम सम्बधित जानकारी रखे तो निश्चित लाभ होगा और पशु पालन तथा कुकुट पालन में भी लाभ प्राप्त कर सकते है। इस कार्यशाला में विजय कुमार, महेन्द्र प्रताप, आशिष , ओम नारायण, प्रदिप कुमार निषाद, विजय प्रकाश गौतम पर मौजूद लगभग 30 किसान तथा मौसम विज्ञान के पढाई के 20 छात्र एंव छात्रायें महक गुप्ता, साहील पाण्डे, सिमरन पटेल उपस्थित रहे। विभाग के डा0 सोमनाथ सेन, डा0 श्वेता गौतम, डा0 श्रधा रावत, डा0 एकता , डा0 जेम्स, डा0 क्लीन्ट, संजय कुमार, विमलेस जयसवाल, संजित, सतीश, श्रीकान्त तिवारी, बहादुर, अनूप मसीह आदि उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट में तीन हुए घायल

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा के डेलौंहा गांव मे जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमे से एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मेजा थाना क्षेत्र के डेलौंहा गांव निवासी जसवंती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सुबह वह और उसकी बहू निर्मला देवी अपने घर में काम कर रही थी, तभी चंदे उर्फ रामचंद्र उनके पुत्र पवन, कृष्ण कुमार, राहुल कुमार, अनूप चंद आदि ने लाठी-डंडा लेकर हमला बोल दिया। जिसमें जसवंती देवी और उसके छोटे बेटे राजा बाबू, बहू निर्मला देवी को चोट लग गई। जसवंती देवी का आरोपी है कि तीन दिन पहले भी इन लोगों ने पीड़ित परिवार को मारा पीटा



था, जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मारपीट के बाद आरोपित धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जिससे आए दिन पीड़ित परिवार को धमकाया जा रहा है और मारपीट की घटना घटित हो रही है। जिससे परेशान पीड़ित परिवार ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं तहरीर लेकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई।




## मेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर को किया गया सम्मानित

**मेजा रोड।** मेजा मे शिक्षा के क्षेत्र मे किए गए अच्छे कार्यों को लेकर मेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर को सम्मानित किया गया। बता दें कि गुरुवार को शंभूनाथ इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा मेजा क्षेत्र के मेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डा अमरेश तिवारी द्वारा शिक्षा क्षेत्र मे किये गए कार्यों व मेजा मे पहला मेजा पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम से चलाने के लिए सम्मानित किया गया। क्षेत्र मे पहला अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चलाने के लिए अमरेश तिवारी की सराहना की गई और सम्मानित किया गया। डॉ अमरेश तिवारी ने कालेज की तरफ से आये प्रो. आशुतोष पाण्डेय का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सम्मान के समय ई. अलोक शुक्ला, राजू तिवारी,ओम शंकर मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, सुभाष पाण्डेय, रजनीश तिवारी, राजन दूबे, प्रीती सोनी, आकाश गोस्वामी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मंडलीय अटल आवासीय विद्यालय का विधायक ने किया निरीक्षण

## जुलाई माह से प्रारंभ होंगी कक्षाएं, 90फीसदी निर्माण कार्य पूरा, अप्रैल अंत तक शेष कार्य होगा पूर्ण

अखंड भारत संदेश

**पसना।** गरीब मजदूर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने लिए शुरू की गई प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के कोरांव तहसील के बेलहट गांव में निमार्णाधीन विद्यालय का कोरांव विधायक राजमणि कोल ने निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण कर प्रगति कार्यों की समीक्षा किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित वर्क मैनेजर ने बताया कि विद्यालय का लगभग 90फीसदी ढांचागत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है केवल 10 फीसदी फिनिशिंग कार्य अपूर्ण है जो अप्रैल माह तक पूरा हो जाएगा। विद्यालय का मुख्य शैक्षणिक भवन पूरी तरह से बनकर तैयार है। बालक, बालिका छात्रावास, कैंटीन, आवासीय परिसर, बाउंड्रीवॉल आदि भी लगभग बन गए हैं। विद्युत सप्लाई हेतु जनरेटर एवम् ट्रांसफार्मर स्थापित हो चुके हैं,केवल ग्यारह हजार वोल्टेज की लाइन निमार्णाधीन है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बताया कि पथरीला इलाका होने के निर्माण कार्य में अन्य अटल विद्यालयों की अपेक्षा यहां समय अधिक लग रहा है,फिर भी जुलाई माह से कक्षा 6 का पठन पाठन कार्य प्रारंभ हो जायेगा।मेरी विधानसभा के इस पहाड़ी इलाके में इस विद्यालय का निर्माण "पत्थर पर दूब जमाने"की कहावत को सही मायने में चरितार्थ कर रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ रविशंकर द्विवेदी, संजय सिंह, रामाश्रय शुक्ल, उत्तम द्विवेदी, रामजीत निषाद आदि उपस्थित रहे। भाजपा से दुबारा निर्वाचित विधायक राजमणि कोल मूल रूप से शिक्षक हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अखंड भारत संदेश प्रतिनिधि को बताया कि कोरांव विधानसभा का चहुमुखी विकास ही मेरे राजनीतिक जीवन का लक्ष्य है। अटल आवासीय विद्यालय बेलहट की स्वीकृति मेरे प्रथम कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि है,क्योंकि यह विद्यालय मंडल स्तर पर पूरे प्रदेश में सिर्फ 18 जगहों पर बन रहे है। इसमें गरीब मजदूर वर्ग के बच्चों को केंद्रीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से आधुनिक शिक्षा दी जाएगी।मेरे विधान सभा में एक राजकीय इंटर कालेज बैठकवा में बन कर तैयार है,उच्च शिक्षा हेतु राजकीय डिग्री कालेज की स्थापना के लिए प्रयासरत हूं। कोरांव विधानसभा में दो नए थानों कोहड़ार व बड़ोखर एवम् खूंटा में एक नये ब्लाक का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है,अटल आवासीय विद्यालय के उदघाटन हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर कार्यक्रम देने का अनुरोध करूंगा।





### डॉ लोहिया का सपना और अखिलेश यादव का संघर्ष समाजवाद लाएगा : नरेंद्र सिंह

**प्रयागराज।** समाजवादी आंदोलन के प्रणेता डॉ राममनोहर लोहिया जी की जन्म जयंती पर आज शहर के सिविल लाइन्स स्थित उनकी प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं उनके अनुयायियों ने फूल माला अर्पित कर उन्हें याद किया इस अवसर पर उनके संघर्षों को याद करते हुए उनके विचारों पर चर्चा की गई। सपा के निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि समाज को स्वस्थ और खुशहाल बनाने के लिए समाजवाद सबसे खूबसूरत सपनों है, जिसे भारत में सबसे पहले महात्मा गांधी ने देखा, उसे डॉ लोहिया ने कर्म योग में परिवर्तित किया।


**आवश्यकता है**

**श्री महेंद्र सिंह यादव विधि महाविद्यालय, तरांव, कोरांव, प्रयागराज। सम्बद्ध-प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।**

***त्रि-वर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम हेतु-***

प्राचार्य-1 पद, सहाचार्य-9 पद।

**वेतन एवं योग्यता यूजीसी के मानकानुसार**

लाईब्रेरियन-1 पद, लिपिक-2 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी टंकण)-1 पद, सुरक्षाकर्मी-4 पद, चपरासी-6 पद, माली-1 पद, सफाईकर्मी-8 पद। विज्ञापन के 21 दिवस के अंदर महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आवेदन जमा करें।

**मो0: 8953047016, 9455426733**

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड ने अपना पेट में मारा चाकू, गंभीर

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकाकर निवासी प्रहलाद पुत्र गया प्रसाद अग्रहरी (70) वर्षीय गुरुवार की भोर पहर कमरे के अंदर अपने पेट में नाभी के पास चाकू मार लिया जिससे नाभी की आंते बाहर निकल आई जिससे काफी खून बह गया सुबह न उठने पर परिजन लोग जब जगाने पंहुचे तो खून से लथपथ देख हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उपचार के लिए कालाकाकार अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने स्वरूपरानी प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पंहुचे और घटना के बारे में परिजनों से पूछताछ किया। इस बाबत जानकारी करने पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रहलाद का उपचार स्वरूपरानी में चल रहा है।

# आरएसएस ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव और पथ संचलन का किया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर द्वारा वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर वर्ष प्रतिपदा उत्सव और पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश के सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख मनोज ने कहा कि आज का दिन भारतीय संस्कृति और परंपरा के लिए सर्वोत्कृष्ट दिवस है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हुआ था। मनोज ने कहा समाज को दिशा देना और अपनी संस्कृति पर गर्व करने का भाव जागृत करना हम

### घोष की ध्वनि पर संचलन निकाला गया


पथ संचलन करते आरएसएस के पदाधिकारी।

सब का कर्तव्य है। कार्यक्रम के पूर्व में डॉ हेडगेवार के चित्र पर मनोज, जिला संघचालक चिंतामणि और नगर संघचालक मुरलीधर केशरवानी ने पुष्पार्चन किया। उद्बोधन के पश्चात कार्यकताओं द्वारा घोष की ध्वनि पर संचलन निकाला गया। संचलन तुलसी सदन से प्रारंभ होकर बाबागंज, पंजाबी मार्केट, श्रीराम चैराहा, घंटाघर होते हुए तुलसी सदन पहुंचाद्य इस अवसर पर स्थान-स्थान पर मातृशक्ति द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई। कार्यक्रम में अतिथि परिचय राजा सिंह द्वारा कराया गया। इस अवसर पर जिला प्रचारक शिव प्रसाद, नगर संघचालक नितेश खंडेलवाल, विभाग कार्यवाह हरीश, जिला कार्यवाह डॉ सौरभ पांडेय, डॉ रंगनाथ शुक्ल, कार्तिकेय, शीतांशु, प्रभा शंकर, देवदत्त, हरिओम मिश्र, रवि गुप्ता, महेश गुप्ता, रामजी केसरवानी, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, डॉ सुधांशु उपाध्याय, डॉ राजेश्वर, सुरेंद्र प्रसाद, विजय पटेल, हेमंत, दिनेश अग्रहरि, विनय शुक्ला, जय शंकर सोनी आदि उपस्थित रहे।

## विश्व जल दिवस पर पानी बचाने का लिया गया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विश्व जल दिवस के अवसर पर गुरुवार को एक गोष्ठी का आयोजन अवधेशपुरम्, ऐंठू में किया गया। डॉ रणजीत सिंह ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब हर जगह कुएं, तालाब, नहर और नदियॉ दिखाई देती थीं, लेकिन अब पानी का स्तर धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, जिससे दुनियाभर में जल संकट गहराता जा रहा है।

भारत सरकार द्वारा कैच द रेन यानी वर्षा जल संचय अभियान का शुभारंभ भी किया जा रहा है, यह अभियान पूरे देश में चलाया जायेगा। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ भास्कर शुक्ला ने बताया कि धरती के करीब तीन चैथाई हिस्से पर सिर्फ पानी ही पानी है, जो महासागरों, नदियों, झीलों और झरनों के रूप में है, हालांकि इसमें से केवल एक फीसदी या इससे भी कम पानी ही


जल दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में मौजूद लोग।

पीने के लिए उपयुक्त है इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि हम पानी की बचत करें, ताकि भविष्य में पानी का संकट पैदा न हो। इस अवसर पर मनीष सिंह, प्रखर शर्मा, डॉ भास्कर शुक्ला, महेन्द्र प्रताप सिंह, रविशंकर, लवकुश, तेजप्रताप, जयशंकर प्रसाद, सूरज पटेल आदि लोगों ने सहभागिता की।

### महिला पर हमला होने के बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** जिले के अंतू थाना क्षेत्र के पाराहमीदपुर के अमिलहना गांव निवासी सकुंतला देवी पत्नी शिव पूजन वर्मा पर पड़ोसी दबंगों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया था जिसे वह बुरी से घायल हो गई, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी संडवा चंडिका से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी दबंगों द्वारा हमें मारा पीटा गया जिसकी शिकायत थाना अंतू में की इर्ग लेकिन अभी तक हमलावरों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

### रहस्यमयी ढंग से गायब वृद्ध की मौत का नही खुल सका राज
### एक माह पहले सई नदी में मिला था शव

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रहस्यमयी ढंग से गायब वृद्ध की मौत का राज एक माह बीत जाने के बाद भी नही खुल सका। वृद्ध का शव पांच दिन बाद घर से लगभग पाँच किमी दूर सई नदी में मिला था। परिजनों ने लापता होने की तहरीर पुलिस को दी थी। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रायपुर तियाई निवासी राम शंकर सरोज ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा था कि उसके पिता अलगू सरोज (58) 17 फरवरी को दोपहर में घर से निकले, लेकिन वापस नहीं आए। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन वृद्ध का कुछ पता नहीं लग सका। पाँच दिन बाद 22 फरवरी को कैथौला के पास सई नदी में ग्रामीणों ने एक शव को देखा।लोगो ने मामले की जानकारी रानीगंज कैथौला पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवाया। वहां मौजूद लोगो ने शव की पहचान अलगू सरोज के रूप में की। लोगो की मानें तो मृतक के शरीर पर चोट के भी निशान थे। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। घटना को लगभग एक माह बीत गए। अभी तक वृद्ध की मौत की वजह का पदार्फाश नही हो सका है। जब कि क्षेत्र में मौत को लेकर तरह-तरह की चचाएं थी। इस बाबत रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई जवाब नही मिला। वही मृतक के बेटे ने बताया कि अभी मौत का कारण नहीं पता लगा है।

## मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर बदमाशों ने उड़ाए पैतीस हजार, लूट की नगदी के साथ युवक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बैंक से पैसा निकाल कर दवा लेने के लिए अस्पताल में गई महिला मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर बदमाशों ने 35 हजार रुपये निकाल लिए। बाहर निकलने पर पैसा ना मिलने पर महिला चीखने चिल्लाने लगी और उसने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामकोला गांव की रहने वाली अंतिमा पत्नी धर्मेंद्र गुरुवार की दोपहर पट्टी नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में 35 हजार रुपये निकाली, साथ में उसका बेटा सौरभ भी था। रुपये को मोटरसाइकिल की डिक्की में डालकर अंतिमा रायपुर रोड पर स्थित ज्योति हॉस्पिटल पहुंची और वहां से दवा लेने के लिए अंदर गई पहले से ही रुपयों की लालच में ताड़ लगाकर पहुंचे बदमाशों ने डिग्गी तोड़कर उसमें रखे हुए रुपए निकाल लिए थोड़ी देर में जब अंतिमा अपने बेटे के साथ बाहर निकली तो डिग्गी टूटी हुई देखकर चीखने चिल्लाने लगी और थोड़ी देर में पट्टी कोतवाली में पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। उधर मुकदमे में वांछित चल रहे लूट के आरोपी को नकदी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया। कंधई थाने में तैनात उपनिरीक्षक हरीश कुमार तिवारी गुरुवार को गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर दोहरी नहर पुलिया के पास पहुंचे और एक व्यक्ति को देखा तो वहां से भागने लगा आवश्यक बल प्रयोग करके उसे पकड़ा गया तो उसके पास से 4400 रुपये नगदी मिले। पूछताछ करने पर पता चला कि यह व्यक्ति दीपक सिंह उर्फ दीपू पुत्र हरिवंश सिंह निवासी सरसीडीह थाना कन्हई है वह मुकदमा अपराध संख्या 80/23 में वांछित चल रहा है जिस पर लूट के मामले में अभियोगी बनाया गया है।

## आस्था गोस्वामी कल बिखरेंगी भजन संध्या नवधा में अपना स्वर

### बेल्हा देवी के घाटों पर आयोजित है भजन संध्या नवधा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा जिला प्रशासन एवं संस्कार भारती के सहयोग से बेल्हा देवी घाट पर आगामी 25 मार्च को शाम छह बजे भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का आयोजन किया गया है जिसमें देष की जानी-मानी गायिका आस्था गोस्वामी (मथुरा) मां बेल्हा देवी की चरणों में अपने स्वर बिखरेंगी।

यह जानकारी देते हुए संस्कार भारती के संयोजक षिषिर खरे ने गुरुवार को नगर के एक होटल में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में कहा कि प्रदेष के 75 जिलों में से मात्र 9 जिलों में नवरात्र में नदियों के तट पर हो रहे नवधा कार्यक्रम में प्रतापगढ़ का शामिल होना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि साहित्य में बेल्हा बहुत आगे है लेकिन कला के क्षेत्र में इस तरह के हो रहे पहले कार्यक्रम में स्थानीय युवा कलाकारों को प्रेरणा मिलेगी।


पत्रकारवार्ता में बोलते संस्कार भारती के अध्यक्ष शिशिर खरे।

उन्होंने यह भी बताया कि नौ स्थानों में हो रहे कार्यक्रम में प्रतापगढ़ व जौनपुर में सबसे अच्छे कलाकार आ रहे हैं। 25 मार्च को शाम ढलते होने वाले नवधा कार्यक्रम को अच्छे ढंग से करने के लिये षिषिर खरे एवं उनके सहयोगी एमडीपीजी कालेज के प्राध्यापक डा0 पीयूषकांत शर्मा, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल से मिलने के बाद बताया कि नवधा कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग है। डा0 पीयूषकांत शर्मा ने बताया कि वाराणसी में गंगा के किनारे तो इस तरीके के कार्यक्रम होते रहते हैं लेकिन प्रतापगढ़ में इस तरह का यह पहला कार्यक्रम होगा जिसमें सवा घंटे तक आस्था गोस्वामी का भजन गायन तथा स्थानीय कलाकार राजवेणु का 15 मिनट का कार्यक्रम होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि बेल्हा देवी मंदिर के बगल से बहने वाली सई नदी को लक्ष्य रखकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ का कोई प्रतिनिधि भी आ सकता है। बता दें कि शहर ही नहीं, पूरे जनपद का आस्था का केन्द्र बेल्हा देवी मंदिर है। यहां इस तरह के भव्य का आयोजन का नगरवासियों को बेसब्री से इंतजार है। यही कारण है कि इसे भव्य रुप देने की तैयारी जोरों से की जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न, दिये गये आवश्यक निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निदान करने और नये आधार कार्ड बनाने की गति तेज करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं में आधार कार्ड की अनिवार्यता है ऐसे में व्यापक जनहित को देखते हुये आधार से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान आवश्यक है। इस कार्य में लापरवाही कदापि न बरती जाये। समीक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग के आधार के टारगेट किट् 34 के सापेक्ष मात्र 18 किट एक्टिव पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आधार के अवशेष किट को एक्टिव किया जाये, लापरवाही न बरते। इसी प्रकार इण्डिया पोस्ट, बैंक एवं सीएससी बैंक के आधार किट् के टारगेट किट एवं एक्टिव किट की समीक्षा की गयी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिये इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक है, अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। आधार की एक विशेषता है कि आप इसे आसानी से अपडेट करा सकते है विशेष तौर पर अपना पता और मोबाइल नम्बर हमेशा अपडेट रखें। उन्होने जनसामान्य से कहा है कि अगर आपका आधार बने हुये 10 साल या उससे अधिक हो गये है तो अपना आधार अपडेट जरूर करायें। आधार अपडेट के लिये अपने पते एवं पहचान का वैध प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केन्द्र आये और अपना आधार अपडेट करायें, इसके लिये निर्धारित शुल्क 50 रुपए है। उन्होने यह भी बताया कि आधार दो प्रकार से अपडेट करा सकते है जिसमें आनलाइन से आप पते एवं पहचान का वैध प्रमाण अपलोड कर सकते है जिसके लिये निर्धारित शुल्क 25 रुपए है तथा अपने नजदीकी आधार केन्द्र पर जाकर आप अपने आधार में अपडेट करा सकते है जिसके लिये शुल्क 50 रुपए है। अपने नजदीकी आधार केन्द्र का पता जानने के लिये लॉग इन करें। आप आधार भुवन पोर्टल के माध्यम से भी अपने नजदीकी आधार केन्द्र की जानकारी प्राप्त कर सकते है। जनपद में आधार नामांकन और अपडेट करने हेतु लगभग 168 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं इन आधार नामांकन और अपडेट मशीनों ने पिछले एक महीने के दौरा लगभग 5 हजार नये आधार नामांकन और लगभग 23 हजार आधार अपडेट किये है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय यूआईडीएआई के प्रभात कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## कुछ मूल्यांकन केन्द्रों पर छह दिनों में आधी भी नहीं जच पाई उत्तर पुस्तिकाएं, परीक्षकों की कमी से आ रही दिक्कत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के पांच मूल्यांकन केन्द्रों पर जांची जा रही हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं की गति धीमी है। कारण है कि इस बार मूल्यांकन केन्द्रों पर पूरे परीक्षक नहीं आए हैं जिससे कुछ परीक्षा केन्द्रों पर छह दिनों में आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं की आधी उत्तर पुस्तिकाएं भी नहीं जच पाई है।

बता दें कि राजकीय इंटर कालेज में 693 परीक्षकों को आना था जिसमें से मात्र 405 परीक्षक आए। इससे केन्द्र पर आवंटित 183734 में अभी तक 75463 कापियां जच पाई है। अभी 108271 उत्तर पुस्तिकाएं शेष जचनी बाकी है। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज में केन्द्र पर प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं 81939 में मात्र 32630 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है। इस केन्द्र पर अभी 49309 उत्तर पुस्तिकाएं जचनी बाकी है। केपी हिन्दू इंटर कालेज में केन्द्र पर प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं 175202 में मात्र 73659 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है। तिलक इंटर कालेज में केन्द्र पर प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं 149613 में मात्र 89200 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है। पीबी इंटर कालेज में केन्द्र पर प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं 70596 में मात्र 40350 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ है।

# अपने कर्तव्यों को पूरा करने का जज्बा बनाएं छात्र-छात्राएंः प्राचार्य

### पीबीपीजी कालेज में नवीन आयाम में शिक्षण अधिगम सामग्री पर हुई विभागीय संगोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर पीजी कॉलेज डीएलएड विभाग में शिक्षा के नवीन आयाम में शिक्षण अधिगम सामग्री की भूमिका विषय पर एक विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव, डॉ ब्रह्मानंद प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ राजीव सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएलएड की छात्राध्यापिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना या एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर आए हुए अतिथियों का अभिनंदन किया गया। डीएलएड विभागाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षण को प्रासंगिक एवं शिक्षार्थियों के लिए उपयोगी बनाने के लिए शिक्षक को चाहिए कि नवीन तकनीकी एवं योजना के साथ शिक्षण कक्ष में प्रवेश करें जिससे शिक्षार्थी को रूचि पूर्ण एवं आनंददाई शिक्षा प्रदान की जा सके और निर्धारित उद्देश्य की प्राप्ति कर अपने शिक्षण को प्रभावशाली बनाया जा सके। डीएलएड के प्रशिक्षु भावना यादव, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रदीप गौतम,


विभागीय संगोष्ठी में प्राचार्य व शिक्षकों का स्वागत करती छात्राएं।

आफरीन आदि ने प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षा में शिक्षण अधिगम सामग्री की महत्ता को स्पष्ट करते हुए बताया कि हम जटिल से जटिल प्रकरण को भी सरलता के साथ एवं एवं आनंददाई तरीके से कम समय में प्रभावी ढंग से समझा सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए चीफ प्रॉक्टर डॉ राजीव सिंह ने बताया कि आप लोगों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ कक्षानुशासन एवं कक्षा के उपयुक्त वातावरण पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉक्टर ब्रह्मानंद ने प्रशिक्षु एवं प्रशिक्षक को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र से हम जैसे अनुशासन एवं कर्तव्य की अपेक्षा करते हैं उसको सबसे पहले अपने अंदर समाहित करना होगा अपने पूर्व के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि शिक्षण अधिगम सामग्री में दृश्य श्रव्य सामग्री सबसे अधिक उपयोगी एवं महत्त्वपूर्ण है। प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में बताया कि आज के समय की मांग के अनुसार हमें भी समय के समांतर ही चलना होगा तभी हम देश एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी से कर पाएंगे। इस अवसर पर डीएलएड के प्राध्यापक सहदेव सिंह, कृष्ण कुमार शर्मा, अवनीश कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुमित सिंह द्वारा किया गया।

# भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव से प्रेरित हो युवाः डा0 अमित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ द्वारा जिले भर में महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की पुण्य तिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। नगर के कार्यकताओं द्वारा भगवा चुंगी स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

पीबी डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि

### अभविप ने मनाई महान क्रांतिकारियों की पुण्यतिथि


भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते अतिथिगण।

आज के युवाओं को भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव जैसे क्रांतिकारीयों के विचारों से ओतप्रोत होने की आवश्यकता है। युवावों को अपना हीरो व पथ प्रदर्शक देश के महापुरुषों को बनाना चाहिए। जिला प्रमुख डॉ ब्रह्मानन्द सिंह ने कहा समाज व राष्ट्र हेतु कार्य करने की तीब्र शक्ति बचपन से ही निखरने लगती है। ऐसा तेज भगत सिंह के अंदर विद्यार्थी जीवन से ही प्रस्फुटित हो रहा था। एमडीपीजी कालेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री अमित देव ने युवा विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जलियावाला भाग हत्याकांड से भगत सिंह का जीवन बहुत प्रभावित हुआ। विद्यालय से लौटते समय जब भगत सिंह जलियावाला बाग की मिट्टी को रक्त से लथपथ देखा तो अपनी श्याही की दवात में उस मिट्टी को भर लिया और प्रत्येक दिन उसी मिट्टी का तिलक लगाया करते थे। एक छोटे से बाल मन में इस प्रकार देश भक्ति की भावना का जागरण हम सभी को प्रेरित करता है। शायद ही कोई ऐसा भारतीय होगा जो शहीद-ए-आजम भगत सिंह को न जानता हो। ब्रिटिशों से भारत की आजादी के लिए उनके द्वारा किये गये बलिदान को दुनिया जानती है। देश की स्थिति ने एक होनहार बालक की मनोदशा को इस प्रकार बदल दिया की अपने कार्यों से इनका नाम भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा गया। 23 वर्ष की आयु में देश के लिए फांसी पर झूल कर भगत सिंह पूरे देश में इंकलाब की ज्वाला भड़का दिए। भगत सिंह जानते थे कि भारत में और भगत सिंह की आवश्यकता है जो उनके फांसी के बाद ही तैयार होंगे। जिला संयोजक रमेश सिंह पटेल ने कहा कि जब कभी हम अपने देश के शहीदों के बारे में पढ़तें है तो हमारे अंदर भी उनके जैसे बनने की इच्छा उत्पन्न होती है। इस दौरान प्रांत उपाध्यक्ष डा धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजित सिंह, डॉ शैलेश पांडेय, अनिकेत तिवारी, ध्रुव शुक्ला, अतिथि, कार्तिकेय, उत्कर्ष, सचिन, आदित्य प्रजापति सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### भगत सिंह की प्रतिमा पर भाजयुमो ने किया माल्यार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहीद भगत सिंह पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रतापगढ़ द्वारा जिला अध्यक्ष अंशुमान सिंह के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला महामंत्री नितीश श्रीवास्तव, मदन पाल, अविनाश सिंह, सिद्धान्त तिवारी, रोहित सिंह, राहुल मौर्य, आलोक, दिव्यांशु, आशीष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शुरू हो गया रमजान का मुकद्दस महीना-शहर काजी

**करारी कौशाम्बी।** रमजान का बरकत और रहमत वाला महीना आज से शुरू हो गया है। शहर काजी मुफ़्ती खुशनूद आलम एहसानी रजवी ने बताया की 29 शाबानुल मुअज्जम 1444 हिजरी को रमजानुल मुबारक का चांद नजर नहीं आया और न ही कहीं से तस्दीक व शरई ही प्राप्त हो सकी। उस ऐलान किया गया है की रमजानुल मुबारक 1444 हिजरी की पहली तारीख 24 मार्च 2023 जुमा को होगी। शहर काजी ने कुरान शरीफ सूरह बकरा आयत 183 के हवाले से बताया की अल्लाह ने कुरान में फरमाया की ऐ ईमान वालों तुम पर रोजे फर्ज (खुदा की तरफ से अनिवार्य)किये गए` और हदीस में है हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फरमाया :अगर बन्दों को मालूम होता कि रमजान क्या चीज है तो मेरी उम्मत इच्छा करती कि पूरा साल रमजान ही हो और हदीस की प्रसिद्ध किताब नसई शरीफ, भाग 1, पृष्ठ संख्या 308 में हदीस है की हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलैहि वसल्लम ने फरमाया (कहा ): जिसने ईमान और सवाब (पुण्य ) की नियत के साथ रमजान के रोजे रखे वह पापों से इस तरह पाक (साफ ) हो जाता है जैसे अभी माँ के पेट से पैदा हुआ हो।

# घर लौट रहे बाइक सवार दो मजदूरों की सड़क हादसे में मौत

**अखंड भारत संदेश**

**सड़क हादसे में दर्दनाक मौत की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में मचा कोहराम**



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के दनियालपुर पेट्रोल पंप के पास बुधवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे बाइक सवार दो मजदूरों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी जिससे दोनों मजदूर सड़क पर गिर पड़े थे हादसे की जानकारी मिलते ही राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई एक मजदूर की घटनास्थल पर मौत हो गई पुलिस ने दोनों मजदूरों को अस्पताल भेज दिया जहां पहुंचते ही एक मजदूर की मौत की पुष्टि चिकित्सकों ने कर दिया और दूसरे मजदूर को चिकित्सकों ने अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा लिया लेकिन इलाज के दौरान दूसरे मजदूर की भी मौत हो गई है मौत की जानकारी जैसे ही दोनों परिवार में पहुंची दहाड़ मारकर परिजन रोने लगे हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चरवा के बबुरा निवासी राजेंद्र कुमार उम्र 40 वर्ष पुत्र रामविशाल अपने साथी संतोष कुमार विश्वकर्मा उम्र लगभग 46 वर्ष पुत्र महेश विश्वकर्मा के साथ बुधवार की सुबह बाइक से मकान निर्माण में शटरिंग लगाने के लिए गए थे शटरिंग लगाने के बाद बाइक सवार दोनों मजदूर बुधवार की रात्रि 9:00 बजे वापस बबुरा गांव जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों मजदूर दनियालपुर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे कि तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों मजदूर सड़क पर गिर पड़े सड़क में चारों ओर खून बिखर गया मौके पर एक मजदूर की मौत हो गई रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दर्दनाक हादसा देखा तो हो हल्ला मचाया हो हल्ला सुनकर आसपास के ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंच गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार दोनों मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां एक मजदूर की मौत की पुष्टि चिकित्सकों ने रात में कर दिया और दूसरे मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा लिया लेकिन दूसरे मजदूर की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही दोनों परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि बाइक सवारों को टक्कर मारने वाला कार चालक इस्माइलपुर कोटवा गांव का निवासी है पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है मृतक राजेंद्र के बेटे अनुराग पुत्री सौम्या और पत्नी दहाड़ मार कर रो रही है परिवार का कमाऊ व्यक्ति चले जाने से परिवार के ऊपर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है इसी तरह संतोष की मौत के बाद उसके बेटा राहुल और बेटी तमन्ना सहित पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है उनके परिवार में भी कमाऊ व्यक्ति की मौत के बाद दुख का पहाड़ टूट पड़ा है गांव में एक साथ दो लोगों की मौत की जानकारी मिलने से पूरे गांव में शोक की लहर है और मृतक परिवार में गमजदा ग्रामीणों की भीड़ लगी है।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र लहूलुहानदूसरा बाइक सवार मौके से हुआ फरार

**सूचना पर पहुंची करारी पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा जिला अस्पताल**



**करारी कौशांबी।** करारी कोतवाली के नवीन सीएचसी अस्पताल के समीप दो बाइक सवार आमने-सामने भिड़ गए। जिससे सड़क पर छिटक कर गिर गए। जिसमे दूसरे बाइक पर सवार एक गंभीर हो गया और घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया जहां उनका इलाज चल रहा है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी रोहन लाल पुत्र ललई अपने बेटे मिलन पुत्र रोहनलाल के साथ किसी कार्य से करारी होते हुए मंझनपुर जा रहे थे। जैसे ही वह रिजवी कॉलेज करारी के नवीन सीएचसी अस्पताल के पास पहुंचे तभी मंझनपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रहे बाइक सवार आपस में अनियंत्रित होकर भिड़ गए। जिससे दूसरे बाइक पर सवार रोहन व मिलन छिटक कर दूर गिरे। हादसे में दोनों लहूलुहान हो गए एक की हालत गंभीर बताई जाती है दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची करारी पुलिस ने दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजवाया जहां दोनों का इलाज चल रहा है फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### जल निगम के ठेकेदार ने बलीपुर टाटा गांव में खोदा मौत का गड्ढा!

**आने जाने में राहगीरों को हो रही बड़ी परेशानी, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**



**कौशाम्बी।** घर घर नल से जल पहुंचाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में शामिल है। इसके लिए नल से हर घर जल योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत चायल तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में पाइप लाइन बिछाकर पनी की सप्लाई करने का कार्य किया जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार ने पाइप लाइन बिछाने व टंकी के निर्माण में भारी अनियमितता की है। चायल तहसील क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में इन दिनों नल से घर-घर जल योजना के तहत पानी की टंकी बनाकर पाइप लाइन डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने पाइप लाइन डलवाने के लिए सड़क किनारे व गांव के अन्य रास्तों पर गड्ढा खुदवा दिया है, लेकिन उसे बंद नहीं कराया गया। इससे ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी हो रही है। साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### ट्रक में पीछे से भिड़ी डीसीएम चालक की मौत, एक घायल

**दिल्ली निवासी डीसीएम चालक राम सूरत पांडेय जा रहा था प्रयागराज**



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव के पास वनवे हाइवे पर ट्रक के पीछे से डीसीएम की भिड़ंत हो गयी भिड़ंत से डीसीएम के परखच्चे उड़ गए ड्राइवर और कंडक्टर काफी देर तक केबिन में फंसे रह गए राहगीरों और ग्रामीणों ने किसी तरह केबिन में फंसे ड्राइवर खलासी को बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजे हैं जहां इलाज के दौरान ड्राइवर रामसूरत पाण्डेय उम्र तकरीबन 57 वर्ष पुत्र राजमणि पाण्डेय निवासी दिल्ली वेस्ट मोतीनगर रामा रोड की मौत हो गयी पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है रामसूरत पाण्डेय डीसीएम को आज गुरुवार कानपुर की तरफ से प्रयागराज के लिए जा रहा था वनवे अटसराय ब्रेकर के पास यह दुर्घटना हुई है ग्रामीणों के अनुसार इस पीएसी द्वारा बनवाये गए इस ब्रेकर पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### रेप में वांछित फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**करारी कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के द्वारा चलाये जा रहे अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन उ0नि0अजीत कुमार उपाध्याय द्वारा मय हमराही पुलिस टीम के साथ नहर पुलिया तिराहा ग्राम बरई बंधवा से मुअ0सं0 28/23 धारा 376 भादसं से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त 1. वीरेन्द्र पुत्र शीतला प्रसाद उर्फ शीतलू निवासी ग्राम बंधवा कल्याण थाना करारी जनपद कौशाम्बी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज भेजा गया।

### अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त गोरे लाल पासी पुत्र सूरज पाल पासी निवासी बक्सी का पुरवा मजरा सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को भोला चौराहे के पास से 01 अदद तमचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।



बाइक रैली निकालकर लोगों को जागरूक करतीं महिला पुलिस कर्मी

# हाईटेंशन विद्युत करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कासगंज जनपद का मजदूर बोरिंग मशीन में करता था काम, विद्युत अधिकारियों की लापरवाही से मजदूर की मौत के बाद क्या विद्युत अधिकारियों की हो पाएगी गिरफ्तारी**



बोरिंग मशीन

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सोनाली के पास हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आ जाने से बोरिंग मशीन के एक मजदूर की झुलस कर दर्दनाक मौत हो गई है मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक मजदूर जनपद कासगंज का रहने वाला बताया जाता है मजदूर के परिजनों को पुलिस ने फोन के जरिए सूचना दे दी है मजदूर की मौत के बाद विद्युत अधिकारियों की बड़ी लापरवाही फिर एक बार उजागर हुई है। जानकारी के मुताबिक कासगंज जनपद के नगला सहजन गांव निवासी महिपाल उम्र 22 वर्ष पुत्र अनार सिंह बोरिंग मशीन के ठेकेदार के साथ मजदूरी का काम करता है गुरुवार को ठेकेदार ट्रक में लगी बोरिंग मशीन को लेकर सोनौली गांव बोरिंग करने जा रहा था बीच रास्ते में नीचे झूल रही हाईटेंशन तार में ट्रक में लगी बोरिंग मशीन छू जाने के बाद मजदूर उसे देखने के लिए नीचे उतरा था लेकिन जैसे ही मजदूर ने जमीन पर पैर रखा अर्थिंग मिल जाने से मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया उसके पूरे शरीर में विद्युत करंट दौड़ गया हाईटेंशन तार में मजदूर के छू जाने के बाद मामले की सूचना विद्युत विभाग को दी गई आनन-फानन में बिजली की आपूर्ति बंद कराई गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुँची पुलिस ने झुलसे मजदूर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई है मामले की सूचना मृतक मजदूर के परिजनों को फोन के जरिए दे दी गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन हाईटेंशन तार में बोरिंग मशीन छू जाने के बाद एक बार फिर बिजली विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है आखिर इतने नीचे झूलती हाईटेंशन विद्युत तार को विभागीय अधिकारियों ने क्यों नीचे छोड़ा था उसे खींचकर विद्युत अधिकारियों ने ऊपर क्यों नहीं किया था विद्युत अधिकारियों ने यदि समय रहते हाईटेंशन विद्युत तार को खींचकर ऊपर कर दिया होता तो बोरिंग मजदूर की दर्दनाक मौत ना होती लेकिन क्या विद्युत अधिकारियों की इस घोर लापरवाही पर मामले में मुकदमा दर्ज करा कर थाना पुलिस विद्युत अधिकारियों को गिरफ्तार कर उनको जेल भेजेगी।

## कई वर्षों से एसडीएम के यहां जमे होमगार्ड के स्थानांतरण की मांग

**कौशांबी।** उप जिला अधिकारी चायल कार्यालय में कई वर्षों से होमगार्ड बरमदीन उदयभान अनिल आदि की तैनाती है लंबे समय से तैनाती होने के चलते यह होमगार्ड मठाधीश बन गए हैं और प्रत्येक मामले में अधिकारियों को गुमराह कर फरियादियों से धना दोहन के जुगाड़ में लगे रहते हैं जो फरियादी होमगार्ड को सौ दो सौ रुपए नहीं देता है उसे बहाना बनाकर उप जिलाधिकारी से मिलने में भी व्यवधान डालते हैं जिससे फरियादियों को अधिकारियों से मिलने के लिए बार-बार कार्यालय का चक्कर काटना पड़ता और उन्हें समय से न्याय नहीं मिल पाता है एक स्थान पर लंबे समय से तैनात होमगार्ड के स्थानांतरण किए जाने की मांग ग्रामीणों ने होमगार्ड कंपनी कमांडेंट से की है।

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम : महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक जागरूकता रैली निकालकर किया जागरूक




कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक व अन्य



मिशन शक्ति कार्यक्रम में उपस्थित पुलिसकर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सुरक्षा, महिला सम्मान के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओ को पुलिस हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण के लिए नवरात्रि के प्रथम दिवस पर देवीपाटन और विंध्याचल से मिशन शक्ति यात्रा निकाली गई है। प्रयागराज एसीपी आस्था जायसवाल के नेतृत्व में 60 महिला सिपाहियो की यह महिला जागरूकता बाइक रैली गुरुवार को प्रयागराज से चलकर कौशाम्बी जिले के कोखराज थाना पहुंची जहां 'जागरूकता रैली का एसपी, एएसपी, एडीएम ने स्वागत किया महिला बाइक जागरूकता कार्यक्रम को एसपी ने संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण के बारे में कहा कि नारी सम्मान और सुरक्षा के प्रति सरकार द्वारा अनेकों हेल्पलाइन जारी की गई है जिनके माध्यम से महिला की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा की जाती है।इस दौरान एएसपी समर बहादुर सिंह, एडीएम जयचंद्र पांडेय,सीओ सिराथू डाक्टर के जी सिंह, सीओ चायल श्यामकांत सहित तमाम अधिकारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना करारी अंतर्गत 09/08/2016 को सूचना दी गयी की अभियुक्त द्वारा वादनी की फोटो व वीडियो बनाकर 01 वर्ष से दुष्कर्म किया गया इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट तथा 3(2)5 एससी एसटी एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त रोहित कुमार गुप्ता पुत्र रमेश कुमार गुप्ता निवासी पिण्डरा सहाबनपुर थाना करारी को न्यायालय एडीजे 07 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 40 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी। दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त रामचन्द्रप उर्फ बच्ची लाल पुत्र रतई सरोज निवासी रक्सवारा थाना करारी को दुलहनियापुर मोड़ के पास से 01 अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# योगी सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे प्रधान और सचिव!

**अखंड भारत संदेश**

**क्या प्रधान के चहेते ही होंगे जल जीवन के कर्मचारी, भ्रष्टाचारी सचिव और प्रधान पर लगा पैसा लेकर सूची में नाम डालने का आरोप**

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड मंझनपुर के सुर्खियों में अक्सर आने वाले ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर में प्रधान और सचिव पर पैसे लेकर अपने चहेतों का नाम जल जीवन मिशन की सूची में मनमानी तरीके से डालने का आरोप लगा है। जिसमें प्रधान और सचिव की भूमिका संदिग्ध में है। योगी सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर प्रधान और सचिव के द्वारा नहीं छोड़ा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत तियरा जमालपुर में प्रधान और सचिव ने मिलकर सिर्फ कागजों में कार्यों को दिखाकर ग्राम पंचायत को पूरी तरह से खोखला कर दिया है जो अक्सर सुर्खियों में आते रहते हैं। कई बार सदस्यों और ग्रामीणों ने लिखित शिकायती पत्र देकर विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे भ्रष्टाचारियों का हौसला और भी बुलंद होने लगा है। यदि इन सभी प्रकरण में सचिव से कोई वार्ता की जाती है और सार्वजनिक बातें पूंछी जाती है तो उनके द्वारा यह धमकी देकर बात को टाल दिया है कि पत्रकारों को यह अधिकार नहीं है कि वह मुझसे कुछ पूंछताछ करें , वे जाकर डीएम से परमिशन लें तभी मेरे पास आ सकते हैं। लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारों से ऐसी अभद्रता करना सचिव की तानाशाही को उजागर करता है। इसी तरह अभी 5 मार्च को ग्राम पंचायत के खाते से प्रधान और सचिव ने मिलीभगत कर-के लाखों रुपए का गबन कर लिया है , कभी हैंडपम्प के नाम तो कभी इंटरलॉकिंग तो कभी नाला ने नाम जबकि जमीनी हकीकत में कोई ऐसा कार्य किया ही नहीं गया।अधिकारियों की आंखों में धूल झोककर सिर्फ कागजों में ग्राम पंचायत का विकास करके सचिव और प्रधान मालामाल हो गए हैं। फिलहाल ग्रामीणों और सदस्यों ने आला अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए विशेष टीम गठित कर-के जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले भ्रष्टाचारी और तानाशाह सचिव और प्रधान के ऊपर कड़ी से कड़ी विधिक कार्यवाही करने की मांग की है अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी मामले को संज्ञान में लेते हैं या फिर सांठ गांठ करते हैं यह बहुत बड़ा सवाल है।

# वर्षों से गौशाला में गोवंश की हो रही मौत पर नहीं चेते अधिकारी

**पशुओं के शव को नोच रहे हैं कुत्ते विभागीय अधिकारी नहीं कर सके व्यवस्था**

**अखंड भारत संदेश**



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के नेवादा विकासखंड अंतर्गत बरोलहा गांव के गौसंरक्षण केंद्र की दुर्दशा आम बात होती जा रही है लगातार यहां गौवंश की मौत हो रही है बरोलहा गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं की मौत के मामले में केवल आंकड़े बाजी का खेल हो रहा है अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है लेकिन व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है बीते कई महीने से कई बार अधिकारियों से शिकायत होने के बाद भी अभी तक गौ संरक्षण केंद्र में केयरटेकर की लापरवाही में सुधार नहीं हो सका है जिससे फिर पशुओं की मौत का लगातार सिलसिला शुरू है। गौ संरक्षण केंद्र बरोलहा में पशुओं की दुर्दशा आम बात होती जा रही है केयरटेकर और ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार की नीति के चलते पशुओं को समय से चारा पानी नहीं मिलता है आंकड़ेबाजी में केवल सूखा भूसा फिर दिया जाता है उसमें दाना चारा नहीं मिलाया जाता पानी नहीं डाला जाता है जिससे सूखा भूसा पशु नहीं खाते हैं चारा पानी के अभाव में पशु कमजोर होते हैं पशुओं की देखरेख ना होने से वह बीमार होते हैं समय पर इलाज नहीं मिल पाता है जिससे गौ संरक्षण केंद्र में गोवंश पशुओं की लगातार मौत हो रही है लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी पशुओं की मौत को रोकने के प्रति गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं मरे हुए गोवंश को गौ संरक्षण केंद्र के बाहर इधर-उधर फेंक दिया जाता है जिससे जंगली पशु कुत्ते मरे हुए गोवंश के शव को नोच कर खा रहे हैं कई बार मामले की शिकायत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से लोगों ने की डीएम के निर्देश पर जांच टीम भी भेजे गए लेकिन उसके बाद भी गौ संरक्षण केंद्र की दुर्दशा नहीं सुधर सकी है बताया जाता है कि गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं की उपस्थिति का रजिस्टर भी नहीं बनाया गया है जब पशुओं की मौत हो जाती है तो बाहर से पशुओं को पकड़ कर दो संरक्षण केंद्र में पशुओं की संख्या पूरी कर दी जाती है एक तरफ लगातार पशुओं की मौत हो रही है दूसरी तरफ लगातार पशुओं को गौ संरक्षण केंद्र में लाया जा रहा है वर्षो बीत जाने के बाद भी गौ संरक्षण केंद्र में मौजूद पशुओं की संख्या कम ज्यादा नहीं हो सकी है योगी सरकार द्वारा संचालित किए गए गौसंरक्षण केंद्र में केवल आंकड़े बाजी का खेल हो रहा है और गौ संरक्षण केंद्र के देखरेख में लगे केयरटेकर से लेकर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव मालामाल हो रहे हैं मामले में पशु चिकित्सा अधिकारी और संबंधित एडीओ पंचायत की भी भूमिका सवालों के घेरे में है जो लगातार आला अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं पशुओं की मौत के मामले को गंभीरता से लेना होगा उनके मरने के बाद उनके शव को सम्मान पूर्वक दफन करना होगा और गौ संरक्षण केंद्र के संचालन में लापरवाही भ्रष्टाचार करने वाले दोषियों को पर मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें दंडित किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है लेकिन अभी तक दोषियों को दंडित नहीं किया गया है।

## अलग अलग थानों द्वारा चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त विसेन्द्र उर्फ विसेन बाबू पुत्र रुद्रपाल निवासी बरीपुर थाना सैनी व शिवशंकर पुत्र स्व0 संतलाल निवासी टाण्डा थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त बुद्ध उर्फ गुड्डू उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र जयपाल सोनकर निवासी नारा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त गोपी आरख पुत्र सुभाष निवासी कलसापुर मजरा पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**आर्म्स एक्ट के अभियुक्त को एक वर्ष कारावास की सजाः कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी अंतर्गत 06/02/2012 को आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्तों राजू उर्फ यशवन्त पुत्र रामविशाल व कल्लू पुत्र मोतीलाल निवासीगण रक्सराई थाना सरायअकिल को न्यायालय एडीजे 06 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से एक-एक वर्ष कारावास तथा 500-500 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# पानी टंकी निर्माण के लिए भूमि पूजन बोरिंग के बाद मशीन उखाड़ ले गए जिम्मेदार !

**अखंड भारत संदेश**

**डिप्टी सीएम की योजना को चौपट करने में लगे अराजक तत्व पर कार्यवाही की मांग 5 करोड़ की लागत से डेढ़ लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी निर्माण में लगा ग्रहण**



**कोखराज कौशांबी।** योगी सरकार में सरकारी योजनाएं किस कदर से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है इसका अंदाजा लगाया जाना भी कठिन हो गया है बीते कुछ वर्षों से योगी सरकार के सरकारी योजनाओं में दर दर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं और अधीनस्थ मनमानी पर उतारू है भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला फिर सामने आया है सिराथू तहसील क्षेत्र के काशिय पश्चिम ग्राम पंचायत में पानी की आपूर्ति के लिए डेढ़ करोड़ की लागत से डेढ़ लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित था पानी टंकी निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर भूमि पूजन कर दिया गया और लाखों रुपए खर्च कर बोरिंग शुरू हो गयी लेकिन रातों-रात बोरिंग की मशीन अराजक तत्व उखाड़ ले गए हैं जिससे पानी टंकी का निर्माण अधर में लटक गया है। सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम ग्राम सभा में पानी टंकी निर्माण के लिए डिप्टी सीएम के प्रयास पर पानी टंकी निर्माण का रास्ता साफ हो गया जमीन चिन्हित कर भूमि पूजन किया गया था फिर बोरिंग शुरू हुई सरकारी खजाने से लाखों रुपए की रकम खर्च करने के बाद 300 फिट तक बोरिंग कर दी गई बोरिंग सफल हो गई पाइप डाल दिए गए लेकिन फिर अचानक पता नहीं जिम्मेदारों को क्या हो गया की बोरिंग की मशीन उखाड़ लिया गया है बोरिंग के बाद मशीन उखाड़ लिए जाने के मामले में ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं जिस समय पानी टंकी निर्माण के लिए भूमि पूजन हो रहा था उस वक्त कुछ सपा नेताओं ने पानी टंकी निर्माण और बोरिंग का विरोध किया था उनका कहना था कि जिस सरकारी जमीन में पानी टंकी के लिए बोरिंग शुरू हुई है वह जमीन लेखपाल ने उन्हें दे दी है। पानी टंकी निर्माण के लिए 19 मार्च को ग्राम प्रधान ने सरकारी जमीन पर भूमि पूजन कर पानी टंकी निर्माण का शिलान्यास कराया था लेकिन शुभारंभ के बाद पानी टंकी निर्माण पूरा नहीं हो सका उसके पहले ही सरकारी नुमाइंदों से सांठगांठ कर अराजक तत्वों ने सरकारी पानी टंकी के निर्माण में व्यवधान डाल दिया है आरोप तो यहां तक लगाए जा रहे हैं कि भाजपा सरकार के कार्यों से बौखलाए कुछ छुट भैया सपा नेताओं के दबाव में लेखपाल रियाज अहमद ने मामले को अंजाम दिया है कुछ लोगों ने तो लेखपाल रियाज अहमद पर आरोप लगाते हुए कहा कि लेखपाल ने सरकारी जमीन को पट्टे पर देकर लाखों वसूली करने की नियत से बोरिंग मशीन को उखाड़ दिया है मशीन उखाड़ने के बाद लेखपाल ने बोरिंग की सरकारी मशीन को कबाड़ी के यहां बेच दिया या फिर घर उठा ले गए हैं यह जांच का विषय है जिस जमीन पर सरकारी बोरिंग हो रही थी वह कीमती जमीन है और जमीन को पट्टे पर दे कर ग्रामीणों को कब्जा कराने की आड़ में लेखपाल लाखों को वसूली करने लगे हैं जिससे उन्हें सरकारी जमीन पर बोरिंग अच्छी नहीं लगी और उन्होंने बोरिंग की मशीन उखाड़ कर सरकारी जमीन बेचकर लेखपाल मालामाल होने के जुगाड़ में लगे हैं कुछ भी मामला हो लेकिन बड़ी जांच का विषय है पानी टंकी निर्माण के बोरिंग के बाद सरकारी सामान को उखाड़ लिया जाना गंभीर मामला है लेकिन अभी तक मामले में विभागीय अधिकारियों ने जांच कराकर दोषियों को दंडित करने का प्रयास नहीं किया है जिससे विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है लाखों खर्च कर करने के बाद बोरिंग उखाड़ लिए जाने के बाद लाखों के नुकसान की भरपाई आखिर किससे की जाएगी इस गंभीर विषय लोगों के बीच चर्चा बनी हुई है।

संपादकीय

# मीर जाफर का मतलब क्या है

**सर्वमित्रा सुरजन**

**भूकंप** और राहुल गांधी का एक किस्सा याद तो आ रहा है। छह साल पहले की बात है, जब राहुल गांधी ने नोटबंदी पर मची तकरार पर कहा था कि सरकार बहस से भाग रही है, अगर मुझे बोलने देंगे तो आप देखेंगे भूकंप आ जाएगा। लेकिन भूकंप तो न संसद में आया, न भाजपा की सत्ता को हिला पाया। सही बात है कि, भाजपा 2019 में दोबारा जीत कर भी आ गई। लेकिन संसद में बोलने देने का सवाल तो अब भी वहीं अटका हुआ है। दिल्ली में बारिश के बाद भूकंप भी आ गया, मीर जाफर कहीं का। भूकंप को गद्दार क्यों कह रहे हैं। उसने किसके साथ गद्दारी की। अब धरती हमेशा सावधान की मुद्रा में तो रहेगी नहीं, कि शहंशाह पधार रहे हैं, सो हिलना-डुलना मना है, केवल हाथ जोड़े खड़े रहना है। भूकंप तो प्राकृतिक घटना है, इसमें गद्दारी की तो कोई बात ही नहीं है। मैंने कब कहा कि भूकंप ने गद्दारी की। मैंने तो भूकंप को मीर जाफर कहा। क्योंकि उसके आने से दिल्ली की धरती हिल गई। हां, तो मीर जाफर यानी गद्दार ही तो होता है। इतिहास नहीं पढ़ा। 1757 में मीर जाफर ने सिराजुद्दौला से गद्दारी करके राबर्ट क्लाइव का साथ प्लासी के युद्ध में दिया था और अंग्रेजों की हुकूमत देश में शुरू हो गई थी। अंग्रेजों का साथ देने के कारण मीर जाफर को बंगाल,बिहार की नवाबी हासिल हो गई थी। उसे वफादारी का इनाम मिला था, लेकिन देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ गया, इसलिए मीर जाफर और गद्दार पर्यायवाची हो गए हैं। ये इतिहास तो मैंने भी पढ़ा है। लेकिन अब तो नया इतिहास लिखा जा रहा है। इसलिए किरदारों के अर्थ भी तो बदल जाएंगे। जैसे अकबर की महानता पृथ्वीराज चौहान की महानता के आड़े आ रही थी। तो अब अकबर को महान नहीं कहा जा रहा। उसी तरह हो सकता है मीर जाफर को भी गद्दार न माना जाए। बल्कि अब मीर जाफर को सत्ता को हिलाने वाला कहा जाए। इसलिए मैंने भूकंप को मीर जाफर कहा। ये प्रेरणा मुझे मौजूदा राजनीति के एक महान पात्रा जी से मिली। उन्होंने अभी राहुल गांधी को मीर जाफर कहा। राहुल गांधी भी तो भाजपा की सत्ता को बार-बार भूकंप की तरह हिलाने में लगे हुए हैं। हां, भूकंप और राहुल गांधी का एक किस्सा याद तो आ रहा है। छह साल पहले की बात है, जब राहुल गांधी ने नोटबंदी पर मची तकरार पर कहा था कि सरकार बहस से भाग रही है, अगर मुझे बोलने देंगे तो आप देखेंगे भूकंप आ जाएगा। लेकिन भूकंप तो न संसद में आया, न भाजपा की सत्ता को हिला पाया। सही बात है कि, भाजपा 2019 में दोबारा जीत कर भी आ गई। लेकिन संसद में बोलने देने का सवाल तो अब भी वहीं अटका हुआ है। अब भी राहुल गांधी के बोलने से भाजपा परेशान हो जाती है। इसलिए अच्छा यही है कि वो न बोलें और बोलें तो उन्हें ऐसा घेरा जाए कि असल मुद्दे गायब ही हो जाएं। ये जो पात्राजी ने राहुल गांधी को मीर जाफर कहा है, उसके पीछे भी सोच शायद यही है। उन्हें भी पता है कि राहुल गांधी जब-जब कोई बड़ा आरोप लगा रहे हैं सत्ता की जड़ें हिलने लगी हैं। वो तो बजट सत्र के पहले दौर में उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते-बोलते कब अडानी और मोदी मित्रता की बात छेड़ दी, इसे कोई समझ ही नहीं पाया। जब तक बात समझ में आई, राहुल गांधी के तीर तो चल ही चुके थे। संसद की कार्रवाई में ये सुविधा है कि बोले हुए को मिटा दो, हटा दो। लेकिन भला मुंह से निकली बात कभी वापस आती है। इसे तो मोदीजी भी मुमकिन नहीं कर सकते। इसलिए राहुल गांधी की कही बातें अब संसद के गलियारे से निकल कर देश भर में तैर रही हैं। और ब्रिटेन में उन्होंने जो कुछ कहा, उसे तो पूरी दुनिया ने सुना। मां गंगा के बेटे,मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रखवाले पर राहुल गांधी के बयान से सवाल उठ गया कि लोकतंत्र की हालत खस्ता क्यों हो रही है। पहले मित्रता पर सवाल, अब लोकतंत्र पर सवाल। लगता है राहुल गांधी का प्रश्नकाल खत्म ही नहीं हो रहा। इन सवालों के जवाब भाजपा दे तो मुश्किल, न दे तो मुश्किल। इसलिए अच्छा यही है कि राहुल गांधी को बोलने ही न दिया जाए और संसद से वो बाहर रहें, तो सबसे अच्छा। इसलिए भाजपा राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है और पात्रा जी उन्हें मीर जाफर बता रहे हैं।

लेकिन, हमें तो लगा कि राहुल गांधी को गद्दार कहा जा रहा है। क्योंकि संबित पात्रा ने ये भी तो कहा कि शहजादे, नवाब बनने के लिए लंदन में बयान देते हैं। हमने उनकी बात का, इतिहास की घटना से संबंध जोड़कर यही मतलब समझा कि जैसे मीर जाफर नवाब बन गए, वैसे ही राहुल गांधी को भी नवाब बनना होगा, तो वे अंग्रेजों की ड्योढ़ी पर चले गए। हां, संबित पात्रा ने कहा तो यही, मगर उनकी बातों में कई पेंच दिख रहे हैं। जैसे शहजादे, शाह बनते हैं और नवाबजादे, नवाब। और राहुल गांधी न शाह के बेटे हैं, न नवाब के। यहां तो खैर भाषाई गड़बड़ी है। दूसरी गड़बड़ी ये दिखी कि मीर जाफर जब अंग्रेजों से वफादारी करके, अपने नवाब से गद्दारी करके खुद बंगाल की गद्दी पर बैठे, तब भारत संघीय गणराज्य नहीं था। यहां अलग-अलग रियासतें थीं और कई सारे शासक थे। लेकिन अब भारत स्वतंत्र, संप्रभु,लोकतांत्रिक देश है। आजादी के 75 बरस हो चुके हैं और मोदी सरकार आजादी का अमृतकाल मना रही है। इसलिए अब यहां से कोई ब्रिटेन जाए या अमेरिका जाए, उसे कोई देश का नवाब नहीं बना सकता। कोई भक्ति में प्रधानमंत्री को महान राजा बताए, वो अलग बात है। लेकिन लोकतंत्र का तकाजा तो यही है कि जनता मतदान से अपने प्रतिनिधि को चुनती है और जीती हुई पार्टी अपने किसी सांसद को प्रधानमंत्री बनाती है। अभी मोदीजी इसी तरह प्रधानमंत्री बने हैं।

अगर संबित पात्रा का ये मानना है कि राहुल गांधी ब्रिटेन जाकर मोदी सरकार के खिलाफ इसलिए बयान दे रहे हैं, ताकि सत्ता उन्हें मिले, तो वे अपनी सरकार पर सवाल उठा रहे हैं और इस देश के लोकतंत्र पर भी। उनकी बात में तीसरी गड़बड़ी ये है कि उन्होंने मीर जाफर शब्द को ठीक से परिभाषित नहीं किया। प्रेस कांफ्रेंस में कोई बूझो तो जानो, जैसी पहेली का खेल तो चल नहीं रहा था।

# पानी के लिए जल-पुरुष चबा कोरोसी की प्रतिबद्धता



**डॉ. कन्हैया त्रिपाठी**



**संयुक्त** राष्ट्र में जल सम्मेलन चल रहा है। इस सम्मेलन में दुनिया भर से अनेकों स्टेकहोल्डर, हितधारक, राष्ट्राध्यक्ष, स्वयंसेवी और पानी की चिंता करने वाले लोग एकत्रित हुए हैं। जितने लोग उतनी बातें इस सम्मेलन से निकलकर बाहर आ रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया के लगभग दो अरब लोग ऐसे हैं जो सुरक्षित जल की पहुँच से बाहर हैं। सचाई यह है कि यह संख्या नाकाफी है, इनकी संख्या अधिक भी हो सकती है। अनुमान यह भी लगाया गया है कि तीन अरब 60 करोड़ लोग, ऐसी साफ-सफाई सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें मानव अपशिष्ट का शोधन नहीं किया जाता है। इस जनसमूह की कल्पना करके आप खुद विचार करें कि हमारे पृथ्वी के मनुष्य जाति के लोग कितने असुरक्षित है जल के अभाव में और जल के साथ भी। हमें संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष का धन्यवाद करना चाहिए कि वह इतने महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर सबको शामिल करके जल को वैश्विक चिंता का विषय बना रहे हैं। इसके पहले भी चबा कोरोसी जल की उपलब्धता, उसके रखरखाव, संरक्षण के लिए पुरजोर वकालत करते रहे हैं। उन्होंने जब बतौर अध्यक्ष पदभार सम्हाला था तो वैज्ञानिक सोच और जल-निधि के महत्त्व पर सबका ध्यान खींचा था और अब वह बड़े ही रुचि के साथ इस महान सम्मेलन में सुरक्षित जल और सुरक्षित जीवन के लिए भागीरथ प्रयास कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में यह जो बहस चल रही है इसके लिए अध्यक्ष चबा कोरोसी का जल के प्रति समर्पण है और ऐसा लगता है कि वह सही मायने में पूरी पृथ्वी और प्रकृति के हित में खड़े हैं। विगत दिनों जब वह दिल्ली कि यात्रा पर थे तो उन्होंने बहुत ही साफ-साफ कहा था कि हमें जल संरक्षण की ओर लौटना होगा। लगातार उनकी जल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता इस प्रकार उभरकर सामने आई है और वह चाहते हैं कि हमारे सृष्टि के सभी जीवन-जन्तु, वनस्पतियाँ और मनुष्य जाति के लोग जल के अभाव में कोई भी संकट का सामना न करें। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष चबा कोरोसी ने जल और आपदाओं पर छठे संयुक्त राष्ट्र विशेष विषयगत सत्र को संबोधित करते हुए बार-बार लियोनार्डो दा विंची को स्मरण किया। उनके तीन उस महान वाक्य को स्मरण किया कुछ इस प्रकार कि लियोनार्डो दा विंची ने कहा, जानना पर्याप्त नहीं है,हमें आचरण करना चाहिए। इच्छुक होना पर्याप्त नहीं है,हमें करना ही चाहिए।पुनः वह लियोनार्डो दा विंचीको स्मरण करते हैं और कहते हैं,दिवंगत मध्यकालीन जल-मित्र लियोनार्डो दा विंची ने एक बार टिप्पणी की थी,सबसे अच्छा आनंद समझने का आनंद है एक बार और अपने अभिभाषण में कि,हाइड्रोलॉजिकल चक्र को समझने के अपने अथक प्रयास में, लियोनार्डो दा विंची ने प्रसिद्ध रूप से कहा कि सब कुछ हर चीज से जुड़ता है।लियोनार्डो दा विंचीको इतनी बार खुद से जोड़ना और एक महान संदेश देना दुनिया को कि आप सब जल और अपनी अहमियत को समझें, वास्तव में बड़ी बात है। इस महा-जल सम्मेलन में उन्होंने वह सबकुछ लियोनार्डो दा विंचीके माध्यम से कह दिया जो सम्पूर्ण सभ्यता को एक दिशा देता है। समझने वाले यदि समझें तो निश्चित ही उस दिशा में अपनी भूमिका तय करेंगे और न समझने वाले तो कभी नहीं समझेंगे, इससे यह भी बात निकलकर आती है। वैसे, दुनिया की हालत अच्छी नहीं है। अनेकों समस्याएँ हैं। अनेकों संकट हैं। अनेकों कष्ट हैं अलग-अलग भूभाग में रहने वाले लोगों के। किन्तु इसमें जल का संकट जो है यदि वह और गहराता गया तो हम कहीं के नहीं होंगे। इसीलिए तो सम्मेलन में, प्रमुख जल क्षेत्रों के लिए तत्काल कार्रवाई मजबूत करने और उसकी रफ़्तार बढ़ाने के लिए, पाँच विशिष्ट प्रतिभागी संवादचिन्हित हुआ है जिसमें स्वास्थ्य के लिए जलयानी स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और स्वच्छता तक पहुँचपर बात हो,टिकाऊ विकास के लिए जलके अंतर्गत जल, जल-ऊर्जा-खाद्य का मिश्रण, और सतत आर्थिक व शहरी विकास की महत्तापर चिंता,जलवायु, सहनक्षमता और पर्यावरण के लिए जलके अंतर्गत समुद्र, जैव-विविधता, जलवायु, सहनक्षमता और आपदा जोखिम न्यूनीकरण का अहम स्रोतको केन्द्रित किया गया है,सहयोग के लिए जलविषय को रेखांकित करते हुए सीमा पार और अन्तरराष्ट्रीय जल सहयोग, क्षेत्रों के पार सहयोग और 2030 एजेंडा के लिए जलऔर जल कार्रवाई दशकके एजेंडे भी शामिल हों, बहस में इसके लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव की कार्य योजना के जरिए, दशक के उद्देश्यों के कार्यान्वयन को तेजे करनासम्मिलित है। दरअसल,प्रतिभागी संवाद टिकाऊ विकास लक्ष्य-6 के वैश्विक गतिशीलता ढाँचे के पाँच सिद्धान्तों को भी समर्थन देते हैं। यह ढाँचागत, 2030 तक सभी को पानी व स्वच्छता तक पहुँच सुनिश्चित करने और टिकाऊ प्रबन्धन की दिशा में त्वरित परिणाम देने के लिए एक पहल है। आशा की जा रही है कि इस महान सम्मेलन से लोगों के बीच, सरकार के साथ, कॉर्पोरेट से जुड़े लोगों और सभी हितधारक के बीच के अलग संदेश जाएगा और सभी दुनिया की जल-निधि में समुचित निवेश कर-के अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकेंगे। इस खास सम्मेलन में महिलाओं, बच्चों और उन सभी लोगों को सम्मिलित चिंता की जा रही है जो जल के लिए आने वाले समय में अच्छे कार्य करेंगे। बी दि चेंज नारे के साथ कागजों कि बनाई गई ओरिगामी कला से कल सँवारने की कोशिश इस सम्मेलन में हो रही है। सबसे अहम बात यह है कि जापान,ब्राजील, बुल्गारिया, कैनेडा, फ्रांस, इटली, नॉर्थ मैसेडोनिया, मैक्सिको, पोर्तुगल, स्पेन और स्वीडन समेत विश्व के अन्य हिस्सों से हजारों ओरिगामी हमिंगबर्ड न्यूयॉर्क पहुँचकर जल बचाने की मुहिम में अपनी आवाज एक कर रहे हैं। ये जो बच्चे भी प्रतिभागिता कर रहे हैं,हमारे कल हैं। उनके साथ परिवर्तन की यह बयार न्यूयार्क में बह रही है। संयुक्त राष्ट्र महासभा चबा कोरोसी ने एक यह श्रेष्ठ कोशिश की है कि वह अपने समय के साथ युवा समय और बच्चों के समय में संकल्प भर रहे हैं जिससे हमारे जल का संरक्षण हो सके। जलवायु के खतरे कम हो सकें और साथ ही हमारी प्रकृति को भी हमारा सहयोग मिल सके। बच्चों में जल-संरक्षण हेतु जगाए जा रहे संस्कार से हमें निश्चित रूप से इस बात के लिए आशान्वित होना चाहिए कि हम नई पीढ़ी में भी जल-संवेदना के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं। जल-विमर्श के साथ सतत विकास लक्ष्य के लिए भी हमें आज जब गंभीरता दिखानी है तो सतत विकास लक्ष्य-2030 के उन सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जल के महत्त्व को भी हमें गंभीरता से लेना होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा अध्यक्ष चबा कोरोसी का आह्वान और उनकी कोशिश की तारीफ इसलिए भी किया जाना चाहिए क्योंकि उनके मन में जल है, उनके अंतस में जल है। उन्होंने साफ शब्दों में यह संकेत किया किजैसा कि हम अपने 2030 एजेंडे के महत्वपूर्ण मध्य बिंदु पर पहुंचते हैं, हमें वादे को पूरा करने के लिए और अधिक एकजुटता, अधिक सहयोग, अधिक गेम-चेंजिंग पहल और अधिक विज्ञान-आधारित कार्रवाई योग्य समाधानों की आवश्यकता है।... जल समृद्ध पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा और बहाली के लिए मजबूत नीतियां, प्रोत्साहन और नियम जैव विविधता पर प्रत्यक्ष सकारात्मक प्रभाव डालते हैं और हमारे प्लानेट की रक्षा करने में हमारी मदद कर सकते हैं।इस सूत्र रूप में दिये गए संकेत को यदि हितधारक समझ सकेंगे तो निश्चित ही सबको लाभ होगा। सबसे अहम बात यह है कि विश्व के समस्त देश हों या पूरी दुनिया के कोई जल हितधारक यह समझ गए हैं कि पानी एक मानवाधिकार है और विकास के लिए अति महत्वपूर्ण भी जिससे एक बेहतर वैश्विक भविष्य को आकार मिलेगा,तो भी हमारे प्रयास क्यों कम हैं?समूची पृथ्वी के जल-संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्य क्यों कमजोर हैं? मुझे यह लगता है कि आने वाले दिनों में इस संयुक्त राष्ट्र महा-जल-सम्मेलन, चबा कोरोसी की जल-मुहिम से व्यापक समझ और रणनीतियाँ हमें अच्छे प्रयासों के साथ देखने को मिलेंगी। जल-पुरुष चबा कोरोसी का जल-भविष्य, जल-निधि व जल-निवेश का संदेश अहम है। हम जल-निधि और जल-निवेश की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे। यदि ऐसा होता है तो दुनिया के लिए जल-संकट से निपटने के लिए जल-पुरुष व महासभा अध्यक्ष चबा कोरोसी का भगीरथ प्रयास वरदान साबित होगा। संभावना यह भी है कि जल-लीडरशिप भी नए सिरे से हमारे सामने दस्तक दे।

> वैसे, दुनिया की हालत अच्छी नहीं है। अनेकों समस्याएँ हैं। अनेकों संकट हैं। अनेकों कष्ट हैं अलग-अलग भूभाग में रहने वाले लोगों के। किन्तु इसमें जल का संकट जो है यदि वह और गहराता गया तो हम कहीं के नहीं होंगे। इसीलिए तो सम्मेलन में, प्रमुख जल क्षेत्रों के लिए तत्काल कार्रवाई मजबूत करने और उसकी रफ़्तार बढ़ाने के लिए, पाँच विशिष्ट प्रतिभागी संवादचिन्हित हुआ है जिसमें स्वास्थ्य के लिए जलयानी स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और स्वच्छता तक पहुँचपर बात हो

**लेखक भारत गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति जी के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं।**

# क्रांति का तकाजा क्या है ? आजादी का अर्थ क्या है

**के. विक्रम राव**

**कैसा** विक्षोभ, वितृष्णा, विरूप, विकृति, विषाद की अनुभूति होती है आज (23 मार्च 2023) ! शहीदे आजम का बलिदान दिवस है। समाजवाद के सूरज लोहिया की जयंती है। मगर अतीव ग्लानि होती है यह बोध होने पर कि बमुश्किल शून्य दशमलव एक प्रतिशत (केवल तीस हजार) भारतीय ही ब्रिटिश साम्राज्य से लड़े थे। तब (1930 में) भारत की आबादी तीस करोड़ थी। भूभाग विशाल था। तालुकेदार, जमींदार, राजे-रजवाड़े गोरे मालिकों के लिए शोषित किसानों से लगान वसूलते रहे। बाढ़ हो या सूखा। वे लोग आभूषित होते थे राय बहादुर, खान बहादुर, सर, लार्ड आदि की फर्जी, ढोंगी उपाधियों से। संत तुलसीदास ने पांच सदी पूर्व ही ऐसी दास प्रजा के बारे में लिखा था : को नृप हो हमें का हानि ? गजनी, गोरी, बाबर जैसे बटमार ही का राज क्यों ना हो। मगर यह सवाल पिछली पीढ़ियों से सदा पूछा जाता रहेगा कि अगर विदेशी शासकों का सक्रिय विरोध संभव नहीं था अथवा खौफनाक था, तो उससे सहयोग तो कदापि नहीं करना चाहिए था। यही प्रश्न उठा था न्यायमूर्ति शाह आयोग के समक्ष 1977 में कि इंदिरा गांधी की हिंसक तानाशाही की आलोचना या भर्त्सना खुलकर क्यों नहीं कर सके ? बजाय झुकने के तानाशाह के सामने रेंगने क्यों लगे थे ? इन पहलुओं पर सदा विचार और मंथन होते रहना जरूरी है, क्योंकि स्वतंत्रता की रक्षा में सतर्कता शाश्वत होनी चाहिए। ताकि ऐसा खतरा फिर न उभरे। आज जब भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु को लुके छिपे, गोपनीय रीति से चुपके से लाहौर जेल में फांसी पर चढ़ाने की घटना याद करते हैं तो हर भारतीय को शर्म, लाज, अवसाद, शोक भी होना चाहिए। सौ साल पुरानी आज की खबर को चेन्नई दैनिक दि हिन्दू आज भी प्रकाशित की है। इसकी पुरानी फाइलों से उद्धृत खबर कृपया नीचे फोटो में देखें। इसमे वर्णित है कि जलियांवाला बाग के इस हत्यारे सर माइकेल ओ डायर के नाम पर तब एक संस्थान की स्थापना की गई थी। इसका आयोजन किया था ब्रिटिश फौज के पंजाबी ठेकेदार सैय्यद वजीर अली ने। गवर्नर माइकेल ओ डायर के नामवाले इस समारोह का उद्घाटन तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर सर एडवर्ड डग्लस मैकलागन ने किया था। उस दौर में सैय्यद वजीर अली नामक इस व्यापारी ने अंग्रेज सेना को रसद आदि की आपूर्ति का ठेका लिया था। आज उन्हीं के नाम पर (वजीर अली उद्योग समूह) एक विशाल व्यापारी साम्राज्य इस्लामी पाकिस्तान में फलफूल रहा है। तो यह मुस्लिम ठेकेदार वजीर अली हत्यारे गवर्नर माइकल ओ डायर के सेवक, गुलाम, झंडाबरदार रहे। उसी वक्त आम मुसलमान अली बंधुओं के नेतृत्व में खिलाफत आंदोलन द्वारा ब्रिटिश साम्राज्य के विरोध में संघर्ष कर रहा था। ये वजीर अली बाद में मोहम्मद अली जिन्ना के संपर्क में आए। विभाजित पंजाब में भी पलते रहे, ब्रिटिश-गुलाम पंजाब में तो थे ही। अतः आजाद भारत में आजादी के अमृत काल में नई पीढ़ी के युवजन तो यह सवाल पूछेंगे ही कि सम्पूर्ण भारत क्यों ब्रिटिश राज के विरुद्ध नहीं संघर्षरत था ? भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिसके पुरोधाओं ने आजाद भारत में (15 अगस्त 1947 के बाद) तीन दशक राजयोग भोगा, उनसे यह सवाल है। मसलन आजादी मिलने के बाद भी जवाहरलाल नेहरू क्यों अंग्रेजी शोषकों (माउंटबैटन कुटुंब) के भले बने रहे ? क्यों उनके चचाजान, भाई, भतीजे और अन्य नेहरू कुलनामधारी (बीके, आरके आदि) आई. सी. एस. में भर्ती होकर गोरों की गुलामी बजाते रहे ? तभी बापू का नारा था : अंग्रेजी राज को न एक भाई, ना एक पाई देना है। अर्थात संपूर्ण असहयोग। इसीलिए आज शहीद दिवस मनाने वाले और विशेषकर गोवा मुक्ति संग्राम के प्रथम प्रेणता लोहिया के लोग एक वाजिब मुद्दा उठाते हैं कि जिन लोगों ने अपने ही लोगों पर लाठी भांजी थी, गोली चलाई थी, उन्हें नेहरू काल में प्रश्रय क्यों मिला ? कृपापात्र कैसे बने रहे ? आत्मावलोकन करना होगा। साथ में प्रायश्चित भी। यहां सरदार उधम सिंह का उल्लेख अनिवार्य हो। यह क्रांतिवीर दशकों तक इंग्लैंड में छिपा रहा। मौका मिला तो कैक्स्टन हाल (लंदन) में इसी राक्षस माइकेल डायर को गोलियों से भून दिया था। फांसी पर हंसता हुआ चढ़ा था। यहां एक निजी प्रसंग भी जोड़ दूं ताकि मेरी आत्मा संतुष्ट हो सके। तेलुगुभाषी समाज में नियोगी ब्राह्मण बड़ी सीमित संख्या में हैं। अतः सजातीय वर-वधू मिलना बहुत दुश्वार होता है। तब मेरा पाणिग्रहण संस्कार होना था। एक शिक्षिता संपन्न युवती जो नियोगी अर्थात सजातीय हमवतनी थी से बात चली। मैंने स्वीकार नहीं किया। आत्मा ने गवाही नहीं दी। उसके पिता (मेरे प्रस्तावित ससुर) आई. सी. एस. के आला अफसर थे।

शादी से मेरे इंकार करने से मेरे परिवारजन बड़े रुष्ट हुए। उनका तर्क था कि हम एक मध्यमवर्गीय, साधारण पृष्ठभूमि के लोग हैं। एक ऊंचे, अमीर खानदान की सजातीय वधू मिल रही है। मेरा जवाब बहुत सीधा और भावनात्मक था। क्योंकि मैं सेवाग्राम (बापू के दौर) में रहा था। गांधी जी के पैर छू चुका था। जब मेरे पिता ब्रिटिश राज में लखनऊ जेल में यातना भुगत रहे थे तो इस युवती के आईसीएस पिता कहीं कलक्टर होकर गांधीवादी सत्याग्राहियों पर लाठी भांज रहे होंगे, गोली चलवा रहे होंगे। भावनात्मक और वैचारिक विषमता के कारण हमारा वैवाहिक जीवन नरक हो जाएगा। फिर मैंने एक साधारण परिवार के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सीजी विश्वनाथन की कनिष्ठ पुत्री डॉ सुधा (रेल विभाग की चिकित्सका) से शादी की। वे लोग कुलपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के संबंधी रहे। आज मेरा सर ऊंचा है फख्र से। कारण यही कि जब 1942 का गांधीवादी स्वाधीनता आंदोलन चला तो मेरे पिता अगली पंक्ति में रहे। फिर जब तानाशाही के खिलाफ भारतीय जनता ने 1975-77 में दूसरी जंगे आजादी लड़ी तो मैं स्वयं पांच जेलों में यातना भुगतता रहा।

मेरे बच्चे शान से कह तो सकते हैं कि उनके दादा पहली आजादी के लिए युद्धरत रहे। फिर तानाशाही आई (1975-77) तो पिता झुके नहीं, रेंगे नहीं। भारत को दोबारा मुक्त कराने के जनसंघर्ष में सैनिक रहे।आजादी का यही मतलब है।

# रामकाल ! फिर मार डाला गया क्रोंच पक्षी

**कुमार सौवीर**

सारस यानी क्रोंच पक्षी अपने व्यवहार के लिए बेहद सरल, स्नेह और प्रेम को लेकर अद्भुत माना जाता है। अपना जीवन हमेशा एक-दूसरे के प्रति अटूट समर्पित भाव में ही रखता है। एक-दूसरे से विछोह बर्दाश्त कर पाना उनके लिए मुमकिन नहीं होता। एक भी अलग हुआ, तो दूसरा भी अपना प्राण त्याग देता है। क्रोंच का इतिहास और उसका व्यवहार रामायण काल से भी पुराना है। रामायण में इस का वर्णन है। रामायण के अनुसार भारद्वाज और ऋषि वाल्मीकि एक सुबह निर्मल तमसा नदी वाले तीर्थ पर स्नान के लिए गये थे।

उन वह काल था जब रावण-वध के बाद राम का राज्याभिषेक हो चुका था। वाल्मीकि और भारद्वाज ऋषिगण रामायण लिखने के लिए परस्पर विचार-विमर्श कर रहे थे। लेकिन उनको ठोस कथानक नहीं मिल पा रहा था। उस समय नदी के किनारे एक पेड़ पर क्रौंच पक्षी का एक जोड़ा प्रेम-मग्न था, तभी व्याध ने क्रौंच-युगल पर बाण मार, जिससे नर-क्रोंच के प्राण-पखेरू उड़ गए। घटना देख कर मादा क्रौंच हृदय-विदारक विलाप करने लगी।

इस हृदयविदारक घटना को देखकर वाल्मीकि का हृदय इतना द्रवित हुआ कि उनके मुख से अचानक श्लोक फूट पड़ाः-

**मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शास्वती समा।**

**यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।**

अर्थात- निषाद। तुझे कभी भी शांति न मिले, क्योंकि तूने इस क्रौंच के जोड़े में से एक की, जो काम से मोहित हो रहा था, बिना किसी अपराध के ही हत्या कर डाली।

और इसी के साथ ही रामायण ग्रन्थ का जन्म हो गया, जिसमे राम द्वारा परित्यक्ता, गर्भिणी सीता भटकती हुई उनके आश्रम में आ पहुंची। बेटी की तरह सीता को उन्होंने अपने आश्रय में रखा। वहां सीता ने दो जुड़वां बेटों, लव और कुश को जन्म दिया। दोनों बच्चों को वाल्मीकि ने शास्त्र के साथ ही शस्त्र की शिक्षा प्रदान की। इन्हीं बच्चों को मुनि ने अपनी लिखी रामकथा याद कराई जो उन्होंने सीता के आने के बाद फिर से लिखनी शुरू की थी और उसे नाम दिया-उत्तरकांड। उसी रामकथा को कुश और लव ने राम के दरबार में अश्वमेघ यज्ञ के अवसर पर सम्पूर्ण रूप से सुनाया था। उसके बाद यानी कलियुग में क्रोंच पक्षी का वियोग भाव फिर चर्चा में है। कोई एक साल पहले अमेठी में बुरी तरह घायल एक सारस यानी क्रोंच सड़क पर पड़ा दिखा तो गुजरते आरिफ ने उसका इलाज कराया । जल्दी ही वह पक्षी उड़ने लगा। लेकिन इसी बीच क्रोंच का आरिफ के साथ स्नेह इतना गहरा हो गया कि वह आरिफ को देखते ही उसके पास आ जाता था। हालांकि यह पक्षी रहता तो था पास के जंगल-झाड़ में, जहां कई और सारस भी रहते थे, लेकिन आरिफ की आवाज सुनते ही वह फौरन दौड़ पड़ता था। दोनों के प्रति प्रेम का आलम ऐसा था कि आरिफ अपनी बाइक से कई मीलों तक चलता था, और वह क्रोंच पक्षी उसके साथ ही उड़ता और अठखेलियाँ करता रहता था। इन दोनों के बीच मित्रता की घटना देश भर में मशहूर हो गयी।

लेकिन अभी एक दिन पहले ही अचानक वन विभाग के बड़े अफसरों ने आरिफ के घर छापा मारा। आरिफ को बाध्य किया कि वह जंगल जाकर सारस को बुलाये, ताकि सारस को पक्षीविहार में रखा जा सके। अफसरों ने धमकाया भी कि यह पक्षी प्रतिबंधित श्रेणी का पक्षी है औए उसे पालना दंडनीय अपराध है। हुक्म उदूली का मतलब होगा आरिफ को जेल बन्द करना। वन विभाग वाले उस पक्षी को जबरन अपने साथ ले गए। लेकिन साथ में ले जाते वक्त क्रोंच पक्षी ने खूब विलाप किया। साथ आये वन विभाग के लोगों पर उसने चोंच मार-मार कर घायल कर दिया। लेकिन किसी भी तरह वह सारस वन विभाग वाले अपने साथ ले ही गए।

रामायण काल मे तमसा नदी के निकट व्याध के बाण से मारे गए अपने साथी की विलाप में दूसरे साथी ने अपना प्राण त्याग दिया था। जबकि आरिफ के मित्र क्रोंच पक्षी को वन विभाग के लोगों ने अपने साथ जाकर समसपुर वन विहार में छोड़ तो दिया था, लेकिन आरिफ से विछोह यह क्रोंच पक्षी बर्दाश्त नहीं कर पाया है।

खबर है कि कल शाम से ही यह पक्षी लापता गया है, और वन विभाग वाले उसे अब तक खोज नहीं पाये हैं। उधर उन मोरों का भी कोई भी अतापता नहीं है जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिर्फ एक फोटो-सेशन के लिए जबरन पकड़ा गया था।

# लास्ट रिचुवल्स एट योवर डोर स्टेप

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मैंने** बाजार में कुछ अजीबोगरीब दुकानें देखीं। जिस तरह साग-सब्जी की दुकानों पर तरकारी के भाव लटके होते हैं ठीक उसी तरह उन दुकानों पर अंतिम क्रियाओं के कीमतें लटकी हुई थीं। उसमें भी एक से बढ़कर एक वैरायटी दी गई थी। मैं इसके बारे में पता लगाने के लिए एक दुकान पर गया जिसका नाम था लास्ट रिचुवल्स एट योवर डोर स्टेप। मैं दुकान के मालिक से मिला। वह कहने लगा- वैरायटी की कैटगरी कीमतों पर निर्भर होती हैं। इसमें तीन तरह की कैटगरी होती हैं। इनका विभाजन सस्ते से महँगे के क्रम में कुछ इस प्रकार है। थर्ड कैटगरी में मरने वाले के क्रियाकर्म का सामान, अंतिम यात्रा की तैयारी सब कुछ शामिल होगा। बशर्ते अंतिम दर्शन के लिए आने वालों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं होगी। उन्हें नीचे ही बैठना होगा। बीच-बीच में चाय-पानी की व्यवस्था की जाएगी। घी के बदले मिट्टी का तेल इस्तेमाल किया जाएगा। लकड़ी चंदन की नहीं बबूल की होगी। हमारी ओर से रोने वाले केवल बीस लोग आयेंगे। इनके रोने के लिए ग्लिसरीन का खर्चा एक्सट्रा लगेगा। इन्हें समय-समय पर कूल ड्रिंक और वडापाव, भेलपूरी खिलाना होगा। इसका भी एक्सट्रा चार्ज लगेगा। थर्ड कैटगरी के बारे में सुनकर कान खड़े हो गए। अगर यह थर्ड कैटगरी का हाल है तो दूसरी और पहली कैटगरी का क्या हाल होगा? फिर भी हिम्मत करके दूसरी और पहली कैटगरी के बारे में पूछ ही लिया।

यदि मैं नहीं भी पूछता तब भी वह बताने के लिए उत्सुक था। उसे देखकर मुझे सामान्य ज्ञान का वह कथन गलत लगा जिसमें बताया गया था कि गिद्ध लुप्त होते जा रहे हैं।

# भगत सिंह के विचारों से पस्त होंगी अलगाववादी ताकतें: रुद्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भगत सिंह की शहादत दिवस पर जिला कचहरी में हुई बैठक में का रूद्र प्रसाद मिश्र एड ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि भगत सिंह ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ साम्राज्यवाद मुदार्बाद इंकलाब जिन्दाबाद का नारा बुलंद किया था। आज पुनः भारत की जनता अंग्रेजी शासन काल की तानाशाही का शिकार हो रही है। ऐसे में निरंकुश शासक से निजात पाने को भगत सिंह के विचारों पर चलकर निरंकुशता के खिलाफ आवाज उठाने को सड़कों पर उतरना होगा। गुरुवार को भगत सिंह की शहादत दिवस पर का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि आज अलगाववादी ताकतें मजबूत हो रही है। उनसे निपटने को नौजवानों को भगत सिंह के विचारों को आत्मसात करना होगा, तभी भारत की जनता सांप्रदायिक तथा अलगाववादी ताकतों से हमेशा की भांति छुटकारा मिल सकता है। का रामप्रताप विश्वकर्मा ने भगत सिंह की लिखी जेल की डायरी का संकलन कर पढ़ने का आवाहन नौजवानों से किया। बैठक में का अजय सिंह एड, का लल्लू राम त्रिपाठी, का शिवम् द्विवेदी, का मोहम्मद अली, का राजाराम, का ओमप्रकाश सिंह, का शिव प्रसाद, का शिवमंगल यादव, का शिव मोहन यादव एड, का चुनकूराम पाल, का गिरधर मिश्रा, का बीर बहादुर आदि मौजूद रहे

## फटाफट खबरें

### रामकथा सुनने को होनी चाहिए तीन चीजें: रामदिनेशाचार्य




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मन्दिर ट्रस्ट (बड़ी गुफा) में चैत्र रामनवमी उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा का श्रद्धालुओं को रसपान करा रहे अयोध्या हयार्चार्य आश्रम से पधारे कथा व्यास जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य महाराज ने श्री रामकथा कथा का महत्त्व बताया। उन्होंने कहा कि श्री रामकथा सुनने को लोगो के अंदर तीन चीजें होनी चाहिए, तभी रामकथा संभव है।

उन्होंने बताया कि प्रथम प्यास जरूरी है, अर्थात अगर आपको अच्छी प्यास लगी है तो तुरंत कैसा भी जल हो पी लेंगे, अगर प्यास नहीं है तो तमाम सवाल पूछेंगे। पानी कहां से लाए हो कैसा है, किसका है। दूसरा प्रयास होना चाहिए कि कुछ भी हो रामकथा का रसपान करना है। उदाहरण देते हुए बताया कि अगर प्यास लगी है तो आप प्यास बुझाने को जल पाने का प्रयास करेंगे। इसी तरह तीसरा प्रसाद पाने की इच्छा होनी चाहिए अर्थात बताते हुए कहा कि जब प्यास होगी तो जल के लिए प्रयास होगा। अगर प्यास बुझाने को जल पाने का प्रयास होगा तो भूंख भी लगेगी और भूंख लगेगी तो प्रसाद की भी इच्छा होगी। ये प्रभु कथा सुनने को लोगो की आत्मा में प्यास, प्रयास और प्रसाद की भावना होनी चाहिए। जिनके अंदर ये तीन चीजें होती हैं, उन्ही को ये श्री रामकथा सुनना संभव है।

### 2025 तक टीबी मुक्त होगा जिला: डॉ भूपेश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने विश्व टीवी दिवस 24 मार्च के उपलक्ष्य में पत्रकारों से कहा कि आगामी समय में एक पहल टीवी मुक्त पंचायत की ओर विस्तार से जानकारी देना था।

गुरुवार को सीएमओ सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी ने टीवी के लक्षणों व बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान में जिले में 1385 मरीज दवा ले रहे हैं। इसमें प्राइवेट से इलाज ले रहे एमडीआर व सामान्य टीवी के मरीज शामिल हैं। सरकारी अस्पतालों में टीवी की जांच व दवाओं की गुणवत्ता उच्च कोटि की है। टीवी की संपूर्ण जांच को जिले में सीबीनाट तथा टूनेट जांच मशीनें हैं। ये जांच सुविधा जिले में प्राइवेट सेक्टर में नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 2025 तक टीवी का उन्मूलन कर दिया जाना है। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त कार्यक्रम के अब तक 54 निश्चय मित्रों ने 875 टीवी मरीजों को गोद लेकर पोषण सामग्री दी है व उनकी देखरेख की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सहयोग को 12 टीवी चैंपियन वर्ल्ड विजन इंडिया की ओर से जिले में कार्यरत है।

प्रेसवार्ता में डीपीसी ज्ञानचंद शुक्ला, पीपीएम विवेक मिश्रा, एसटीएलएस मुन्ना प्रसाद, पुष्पा देवी एवं वर्ल्ड विजन इंडिया के जिलाध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता एवं टीवी चैम्पियन अमरीश कुमार, रामप्रताप मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण की बारीकियों को विद्यालयों में करें लागू: अतुल दत्त तिवारी, नवाचार में शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खंड शिक्षाधिकारी अतुलदत्त तिवारी ने शिक्षकों की कार्यशाला का शुभारम्भ कर कहा कि दो बैच में 105 लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण की आनलाइन मानीटरिंग प्रयागराज से हो रही है। प्रत्येक शिक्षक बारीकी से प्रशिक्षण लेकर विद्यालयों में लागू करें।

गुरुवार को बीआरसी खोह में नवाचार शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला समग्र शिक्षा के तहत सेल्फ स्ट्रीमएंड बॉडी कॉन्फिडेंस प्रोजेक्ट किशोर-किशोरी सशक्तिकरण के छठवें एवं सातवें बैच में बतौर मुख्य अतिथि एबीएसए अतुलदत्त तिवारी ने कहा कि दो बैच में 105 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं। सभी प्रतिभागियों से आशा है कि समय से मौजूद रहें। ऑनलाइन मॉनिटरिंग सीमएट प्रयागराज कर रही है। प्रत्येक शिक्षक बारीकी से प्रशिक्षण लेकर अपने-अपने विद्यालयों में लागू करें। प्रशिक्षण के संदर्भदाता के रूप में राजेश कुमार, जानकी शरण त्रिपाठी, गिरीश कुमार मिश्र कंपोजिट विद्यालय लोढवारा ने प्रशिक्षण में कॉमिक बुक प्रस्तुतीकरण से विभिन्न अवधारणाओं जेंडर स्टीरियोटाइप आदर्श रूप रूप रंग की तुलना आदि को जानने-समझने व अपने किशोर किशोरियों तक उपयोगी तथा अनुपयोगी रूप देने को शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है कि वह अपने विद्यालयों में बालक-बालिकाओं की विषमता को दूर करते हुए कार्य करेंगे। प्रशिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में कंप्यूटर प्रोजेक्टर का प्रयोग करते हुए सी माइट प्रयागराज को गूगल मीट लिंक के माध्यम से लाइव किया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों रंगमंच से व्याख्यान विधि, कठपुतली से दैनिक सारांश, क्रिया विधियों से कार्यशाला चल रही है। इन्हीं अवधारणाओं को बच्चों के बीच लागू करने को शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि समाज में सकारात्मक धारणा बन सके। इस मौके पर विद्यासागर सिंह, प्रेमचंद शिवहरे, अर्चना गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, राम प्रकाश सिंह, सुनील कुमार वर्मा, यामीनदत्त पांडे, दिलीप सिंह समेत 105 शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# जनहित को समर्पित विधायक पर बांदा प्रशासन ने दर्ज कराया मुकदमा

## अवैध खनन का मुद्दा उठाने पर हुआ मुकदमा: विधायक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनहित के लिए समर्पित सपा के कर्वी विधायक अनिल प्रधान ने बांदा जिले के कमासिन थाने में बालू माफिया के मुकदमा दर्ज कराने बाबत कहा कि बालू सिंडीकेट और सत्ता संरक्षित लोगों की साजिश से वह डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सडक से लेकर सदन तक जिले में अवैध खनन की शिकायत करते रहे हैं।

गुरुवार को विधायक अनिल प्रधान ने सपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि पिछले दिनों विधानसभा में बुन्देलखण्ड में अवैध खनन का मुद्दा उठाया था। सत्ता संरक्षित लोगों के खिलाफ आवाज उठाने से उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना वह गडौली पहुंचे थे। जिस जगह पोकलैण्ड जलाने की बात कही जा रही है, उस जगह वह गये भी नहीं थे। बालू सिंडीकेट राजनीतिक वजहों से उन्हें फंसाया जा रहा है। वह डरने वाले नहीं हैं। पट्टाधारक इस क्षेत्र में भी अवैध खनन कराते थे। इस बाबत जब एसडीएम से पूंछा था तो उन्हें बताया गया था कि जिलाधिकारी ने बांदा के जिलाधिकारी को जानकारी दी है। विधायक ने कहा कि जिले में कोई भी घटना होगी तो जनप्रतिनिधि के नाते वह मौके पर जायेंगे। मीडिया से सवाल उठाये कि क्या किसी घटना की जानकारी होने पर पीडितों को सांत्वना देने को जाना गलत है। पूरा मामला द्वेषपूर्ण है। सत्ता संरक्षित लोगों ने बालू आदि के अवैध खनन का मुद्दा विधानसभा में उठाने से उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहां मौजूद लोगों ने बताया था कि आग ठेकेदार के लोगों ने लगाई है। पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच की मांग उठाई है। उल्लेखनीय है कि 19 मार्च को सरधुआ थाने के रौली गांव में बागे नदी में अवैध खनन से डूबने से एक बालक की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में विधायक अनिल प्रधान मौके पर पहुंचे थे। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, सपा नेता मान सिंह पटेल, मो गुलाब खां, मो निजाम सिद्दीकी, रामचन्द्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जगजाहिर है डॉ ऋषि की कारस्तानी

## डीएम व सीएमएस ने शासन को लिखे पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल के डॉ ऋषि कुमार अस्पताल में ब्राम्हण बनाम दलित का मुद्दा उछालने से सुर्खियों में आ गये हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द समेत जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर डॉक्टर की कारस्तानी भी बताई है।

गुरुवार को जिला अस्पताल के डॉ ऋषि कुमार ने अभी तक जिला अस्पताल में कार्यभार ग्रहण नहीं किया, वे इस बात पर अडे हैं कि वार्ड आया श्रीमती आरती मिश्रा को बर्खास्त किया जाये। इसे लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने 16 नवम्बर 2022 को शासन को लिखे पत्र में कहा कि जिला अस्पताल में डॉक्टरों के 40 पदों के सापेक्ष 26 लोग तैनात हैं। इनमें चार गैरहाजिर हैं। 16 विशेषज्ञ के पद खाली हैं। छह अगस्त को इलाज कराने का पत्र देकर डॉ ऋषि कुमार ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे हैं। ड्यूटी में पुनः आने के बाबत कोई सूचना अस्पताल में नहीं दी है। उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के विरुद्ध है। इस पत्र के बाद अपर निदेशक बांदा के डॉ ऋषि कुमार की शिवरामपुर में योगदान आख्या देने के आदेश बाबत सीएमएस ने डॉ ऋषि की फाइल तलब की है। उन्होंने डॉ ऋषि के शिवरामपुर में चार माह की तैनाती बाबत वेतन देने के आदेश पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल का डॉक्टर सीएचसी में योगदान आख्या शासनादेश के अनुसार नहीं दे सकता। ऐसे में वेतन देने का शासन से आदेश मिलने पर दिया जायेगा।

जिला अस्पताल में तैनाती दौरान डॉ ऋषि कुमार रात में ठहरने की व्यवस्था के बाद भी रुकने को राजी नहीं हैं। ऐसे में आपात स्थिति में फोन करने पर फोन का स्वीच आफ कर लेते हैं और बाद में पूंछने पर कहते हैं कि मोबाइल टेक्निकल खराबी आ जाने से बन्द हो गया था। ठीक कराने को दिया गया था। ऐसे में मरीज की गम्भीर दशा को भी डॉ ऋषि गम्भीरता से नहीं लेते हैं। कहते हैं कि इलेक्ट्रानिक वस्तु कभी भी खराब हो सकती है। उनकी ये स्थिति सिर्फ प्राइवेट प्रैक्टिस करने से बनी है। प्राइवेट प्रैक्टिस के चलते ही उन्होंने एक बदनुमादाग वाले से कुछ मीडिया कर्मियों को मैनेज भी कराया है। इस बाबत डॉ ऋषि कुमार के सहयोगी ने बताया कि वह बाहर हैं। इसलिए उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

# शासन की मंशानुसार अधिकारी करें कार्य: प्रभारी मंत्री

## कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की हुई समीक्षा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग/प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में विधायक मानिकपुर अविनाशचंद्र द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की मौजूदगी में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक हुई।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए शासन के निर्देश के क्रम में विकास हो रहे हैं। सड़कों का कार्य समय से समाप्त किया जाए। किसी प्रकार की लापरवाही न हो, विशेष ध्यान दें। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से कहा कि महिला संबंधी उत्पीड़न पर कार्यवाही की जाये। विशेष अभियान चलाकर कार्य किये जायें। प्रभारी मंत्री समेत सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उद्योग विभाग से संचालित विश्वकर्मा श्रम कल्याण योजना के तहत लाभार्थियों को टूल किट बांटे। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री तथा विधायक समेत जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि मिले दिशा-निर्देशों का पालन किया जाये। शासन की मंशानुरूप सुदूर क्षेत्र के लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, कुंवर बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मानिकपुर नगर में पेयजल संकट गहराया

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** गर्मी शुरू होते ही पीने के पानी का संकट गहरा गया है। महीनों से खराब पड़े सरकारी हैण्डपम्प जल संस्थान के जेई समेत कर्मचारी मूक दर्शक बने हैं। गुरुवार को मानिकपुर नगर पंचायत के कई मोहल्लों मे महीनों से हैण्डपम्प खराब होने से पीने के पानी का भारी संकट है। गोविन्दनगर के पूर्व सभासद फूलचन्द कोल ने बताया कि उनके घर के सामने लगा हैण्डपम्प महीनों से खराब है। कई बार जल संस्थान में लिखित रूप से हैण्डपम्प बनवाने को पत्र दिया। जल संस्थान के जेई और कर्मचारियों ने अभी तक खराब पड़े हैण्डपम्प को ठीक नहीं कराया। नगर पंचायत के पूर्व सभासद नीलकमल शुक्ल ने बताया कि मानिकपुर कल्याण केन्द्र चैराहा पर लगा सरकारी हैण्डपम्प भी महीनों से खराब पड़ा है। वहां बड़ी संख्या में दिनभर ग्रामीणों की आवाजाही होती है। हैण्डपम्प खराब होने से लोग पीने के पानी को इधर-उधर भटकते हैं। उन्होंने बताया कि जल संस्थान के जेई को फोन से कई बार बताया है। लिखित भी जानकारी दी है। जल संस्थान के जेई लोगों की समस्याओं के समाधान में रूचि नहीं लेते। अन्य लोगों ने बताया कि खराब पड़े हैण्डपम्पों के कारण मोहल्लें मे पीने के पानी का घोर संकट है। काफी दूर से पानी लाना पड़ता है। पूर्व सभासद नीलकमल शुक्ल ने उपजिलाधिकारी मानिकपुर से अनुरोध किया कि जल संस्थान के जेई और कर्मचारियों को निर्देशित करें, ताकि मोहल्लों मे खराब पड़े हैण्डपम्प जल्दी बन सकें।

## न्यूज झरोखा

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले प्रमुख समाजसेवी को मिली धमकी

**खानपुर.(स्याना) निजी** एवं सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने के लिए निरंतर प्रयास कर गरीब असहाय लोगों के प्रति निस्वार्थ भाव अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले प्रमुख समाजसेवी मो सुलेमान भू माफियाओं के खिलाफ कभी ज्ञापन तो कभी आईजीआरएस पोर्टल पर उनकी शिकायत दर्ज करते रहते हैं ताकि जनमानस में सुरक्षा की भावना उतपन्न हो।

ऐसा ही एक मामला नगर के मोहल्ला अहेरीयान वार्ड निवासी मो सुलेमान का सामने आया है जहाँ ग्राम सभा की सवा तीन बीघा जमीन दबंग भू माफिया ने अपने कब्जे में कर रखी है जिसकी शिकायत मो सुलेमान ने आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई थी जो स्थानीय लेखपाल नरेंद्र सिंह ने खानापूर्ति कर जांच में अपनी रिपोर्ट लगा दी तथा इस मामले में मो सुलेमान ने लेखपाल नरेंद्र सिंह को फोन किया तो लेखपाल आग बबूला हो गए और जान से मारने की धमकी देकर गहमा गहमी करने लगे जिसको लेकर मो सुलेमान ने लेखपाल नरेंद्र सिंह के खिलाफ खानपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

थाना अध्यक्ष नरेश धीमान ने बताया कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### हिन्दू एकता समूह द्वारा नव वर्ष के अवसर पर अवागढ़ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**अवागढ़। हिंदू नव** वर्ष चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर हिंदू एकता समूह के सनातनियों द्वारा इसौली में यज्ञ किया गया यज्ञ के पश्चात बाइक रैली लेकर हनुमानगढ़ी मंदिर किला रोड अवागढ़ पहुंचे।

हनुमान गढ़ी मंदिर किला रोड पर पहले से ही सनातनी भारी संख्या में उपस्थित थे , जहां से सभी सनातनियों ने शोभायात्रा के साथ अवागढ़ नगर में भ्रमण किया। नगर वासियों द्वारा कई स्थानों पर माल्यार्पण और पुष्प वर्षा कर इस शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभायात्रा अभागन नगर में भ्रमण करती हुई दुर्गा माता मंदिर पर पहुंची , जहां पर शोभायात्रा का समापन किया गया।

इस मौके पर संस्थापक शुभम हिन्दू, उपाध्यक्ष अतुल लुहार, संगठन सचिव अंशु ठाकुर, संगठन प्रवक्ता शिवम शुक्ला ,होडल, सचिन मामा, पवन चतुर्वेदी, मुकेश तोमर, वीरेंद्र पाल सिंह उदय चौहान, सर्वेंद्र कुमार, वीरेश,विवेक,प्रशांत, गौरव वार्ष्णेय, शिवम, मयंक,आदि गौ सेवक मौजूद रहे।

### मूसलाधार बारिश के साथ गिरे ओले, किसानों के माथे पर चिंता

**मिजार्मुराद। क्षेत्र** के मिजार्मुराद, गौर, चक्रपानपुर, खालिसपुर, लालपुर, राने चट्टी, कछवांरोड, ठठरा, छतेरी, तमाचाबाद, रूपापुर,, करधना, बेनीपुर, खजुरी, रखौना, नागेपुर व मेहंदीगंज समेत आदि गांव में मंगलवार की रात गरज व चमक के साथ मूसलाधार बारिश के साथ ओले गिरने लगे जिससे किसानों के माथे पर चिंता छाया हुआ है।

बिना मौसम के मूसलाधार बारिश व ओले गिरने की वजह से आम का बौर, चना, सरसों व गेंहू को को काफी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के किसान कल्लू बिंद व पग्गल राजभर ने बताया कि इस मूसलाधार बारिश व ओले की वजह से किसानों के बोए गए गेहूं के हजारों एकड़ फसल खेत में लेट कर खराब हो जाएगा।

### गुणवत्तापूर्ण कार्य न कराए जाने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**मिजार्मुराद। क्षेत्र** के बेनीपुर चंगावर मार्ग पर ज्ञानपुर नहर के किनारे सिंचाई विभाग द्वारा बनवाए जा रहे पिचरोड का निर्माणकार्य मानक के विपरीत होने पर मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर हंगामा कर दिया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस रोड का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा होना था लेकिन उपयोक्त मार्ग पर मात्र 1300 मीटर का कार्य सिचाई विभाग द्वारा मैनुवल करने की कोशिश की जा रही है और ये सिचाई विभाग की क्वालिटी ठीक नही है। तथा ये केवल पैच बनाकर भाग जाते है जिससे हम सभी में काफी रोष है।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना सेवापुरी विधायक नीलरतन पटेल 'नीलू' को दिए।विधायक ने मामले को संज्ञान में लेकर अपने प्रतिनिधि दीपक पटेल को मौके पर भेजकर काम को रुकवाया।वही विधायक ने दूरभाष के माध्यम से डीएम व मुख्य विकास अधिकारी को अवगत करा पीडब्ल्यूडी विभाग से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने का मांग किया।प्रदर्शन करने वालो में विकास सिंह, विनोद पटेल, सुरेश, बृजेश, रामविलास पटेल, अनिल पटेल, पतिराज, राकेश, जयशंकर सिंह, अभिषेक कुमार, अवधेश सिंह, अशोक कुमार केशरी, जयराम, अमरजीत, कल्लू सहित दर्जनों ग्रामीण रहे।

### पार्किंग का ठेका चलाने वाले शख्स की गोली मारकर हत्या

**गाजियाबाद। थाना क्रोसिंग** रिपब्लिक क्षेत्र में जल निगम रोड पर पार्किंग का ठेका चलाने वाले एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार पप्पन नाम के युवक ने पुलिस को सूचना दी कि वह जल निगम रोड पर दयाफार्म के पास अपने मित्र भूरा के साथ सोया हुआ था। रात करीब बजे के करीब शान्तिनगर का रहने वाला मुकेश अपने दो अन्य साथियों के साथ आया और उसने भूरा की गोली मारकर हत्या कर दी और शव को पप्पन के कहे अनुसार मुकेश व उसके अन्य साथी मुरादनगर ले जाकर गंगनहर में फेंक दिया। मामले में डीसीपी ग्रामीण रवि कुमार का कहना है कि पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है। घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन कर शव की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है।

### वाहनों से पार्ट्स चोरी करने वाले तीन अभियुक्त चोरी के माल सहित गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना मसूरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वाहनों से पार्ट्स की चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गंगनहर पुल से उस समय गिरफ्तार किया जब अभियुक्त हुंडई एक्सेंट कार फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई में सवार होकर वाहनों से पार्ट्स की चोरी करने के इरादे से घूम रहे थे। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर दो ईसीएम पार्ट्स थाना मसूरी पर पंजीकृत चोरी के मामले से संबंधित तथा एक कार का साइलेंसर व वाहनों से स्पेयर पार्ट्स की चोरी में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं।

## पोलैंड की मदद करेगा जापान, प्रधानमंत्री किशिदा ने किया वादा

**वारसॉ।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बुधवार को वादा किया कि उनका देश पोलैंड के विकास में मदद करेगा, ताकि यह यूरोपीय देश पड़ोसी यूक्रेन की मदद कर सके। रूस के हमले के बाद से खुद को बचाने के लिए यूक्रेन जूझ रहा है। यूक्रेन की औचक यात्रा और वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पोलैंड पहुंचे किशिदा ने यहां के अपने समकक्ष मैटिअस्ज मोराविएकी से बुधवार को मुलाकात की। किशिदा ने कहा कि यूक्रेन में लंबे समय से चल रही लड़ाई की वजह से पोलैंड पर बढ़े बोझ को ध्यान में रखते हुए जापान, पोलैंड की सहायता की पेशकश करेगा, ताकि वह अपनी भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि जापान आमतौर पर विकासशील देशों की पेशकश करता है, जो अब पोलैंड नहीं है, लेकिन जापान सरकार विशेष रियायत देगी। किशिदा ने कहा कि जापान और पोलैंड जैसे समान विचार वाले देशों के लिए अहम है कि वे यूक्रेन के समर्थन और रूस के खिलाफ और अधिक प्रतिबंधों के मामले में एकजुट रहें। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में मोराविएकी ने कहा कि ऐसे दोनों देश समझते हैं कि रूस के साम्राज्यवाद से दुनिया की शांति और विश्व व्यवस्था को खतरा उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने बताया कि पोलैंड 13 महीने से जारी युद्ध में यूक्रेन की सैन्य, मानवीय और राजनीतिक समर्थन कर रहा है। किशिदा इस साल मई में जी-7 समूह के देशों के सम्मेलन की अध्यक्षता करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी-7 की अध्यक्षता के दौरान जापान, पोलैंड के साथ मिलकर काम करेगा ।

## चीन-रूस की बढ़ती दोस्ती से भारत के हितों को नुकसान?

**मास्को।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 20 मार्च से शुरू हुई रूस दौरा को खत्म हो गया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मिलकर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोनों देशों के संबंधों के नए युग के शुरुआत की बात कही थी। इसके अलावा दोनों देशों ने नाटो के एशिया में किए जा रहे विस्तार पर भी चर्चा करते हुए बताया कि इससे अमेरिका अपने प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। दोनों देशों ने नाटो के एशिया में विस्तार के खिलाफ एकसाथ आने पर सहमति भी बनाई। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के रूस की इस यात्रा पर रूसी राजदूत डेनिस एल्पोव ने भारत के लिए हानिकारक बताया है। इस यात्रा के दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा हुई है जिसपर चीन ने रूस का साथ देने की बात कही थी। हालांकि भारत ने अभी तक इस युद्ध पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, कई विशेषज्ञ चीन-रूस के संबंधों का सपना देख रहे हैं जो भारत के लिए खतरा साबित हो सकता है। इससे भारत और रूस के संबंधों के बीच खटाश पैदा हो सकती है। डेनिस एल्पोव ने अपने आधिकारिक ट्वीट के जरिए ये बात कही है।

## चीन में गंभीर हो रही है शिशु जन्म दर गिरने की समस्या, आर्थिक अनिश्चितता है बड़ी वजह

**बीजिंग।** चीन में आबादी घटने को लेकर चिंताएं गहराती जा रही हैं। चीन पिछ्ले साल ही जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की श्रेणी में शामिल हो गया, जहां आबादी में बुजुर्गों का अनुपात तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा बच्चों और युवाओं का आबादी में अनुपात घटने के कारण हो रहा है। दक्षिण कोरिया में शिशु जन्म दर दुनिया के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी है। सिंगापुर, थाईलैंड और ताइवान भी आबादी घटने की समस्या का सामना कर रहे हैं। वियतनाम और फिलीपीन्स जैसे देशों में आबादी की वृद्धि दर गिर गई है। लेकिन चीन की समस्या अलग किस्म की है। जनसंख्या विशेषज्ञों के मुताबिक अगर किसी देश में बुजुर्गों का अनुपात उसकी समृद्धि के दौर में बढ़े, तब इसे समस्या नहीं माना जाता। उस स्थिति में बुजुर्ग आरामदायक अवस्था में रियाटरमेंट के बाद की उम्र गुजारने की स्थिति में होते हैं। लेकिन जापान में ऐसा तब हुआ, जब वह अपनी समृद्धि के शिखर से उतरने लगा था। जापान 1980 के दशक में अपनी समृद्धि के चरम पर पहुंचा था। ऑस्ट्रेलिया में सिडनी यूनिवर्सिटी स्थित चाइना स्टडीज सेंटर में एसोसिएट प्रोफेसर लॉरेन जॉनस्टन वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- 'जापान धनी होने के बाद के दौर में बुजुर्गों का देश बना। दूसरे विश्व युद्ध के बाद वहां जन्मी पीढ़ी ने सबसे समृद्ध जीवन गुजारा था।' जानकारों के मुताबिक अब चीन में आबादी में बुजुर्गों का अनुपात बढ़ने की समस्या खड़ी हो रही है, हालांकि वहां ऐसा एक अलग तरह की आर्थिक परिस्थितियों के बीच हो रहा है। जापान 1980 के दशक तक दुनिया के सबसे धनी देशों में शामिल हो चुका था। लेकिन चीन आज भी मध्यम आय वर्ग का देश है। इस बीच वहां आबादी में कामकाजी उम्र वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है। इसका चीन की अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी असर हो सकता है। चीन के विश्लेषक भी देश में लगातार गिर रही जन्म दर पर चिंता जता रहे हैं।

# संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी: 2050 तक दुनिया में सर्वाधिक जल संकट वाला देश होगा भारत

**-नदियों के कमजोर बहाव से चीन व पाकिस्तान की स्थिति भी होगी खराब**

**-दुनिया के 26 प्रतिशत लोगों को नहीं मिल पा रहा पीने के लिए साफ पानी**

**न्यूयॉर्क।** कहा जाता है कि अगला विश्वयुद्ध पानी को लेकर होगा। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में वैश्विक जल संकट को लेकर चेतावनी दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2050 तक दुनिया में सर्वाधिक जल संकट का सामना करने वाला देश भारत होगा। कई नदियों में बहाव कमजोर पड़ने से पाकिस्तान और चीन में भी स्थिति खराब होगी। संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन से पहले संयुक्त राष्ट्र संघ ने संयुक्त राष्ट्र विश्व जल रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में दुनिया 2.4 अरब



शहरी आबादी के सामने जल संकट की बात कही गयी है। बताया गया है कि एशिया में तीन चौथाई से अधिक आबादी जल संकट से जूझ रही है। इनमें भी पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान पर ये संकट सबसे ज्यादा है। अनुमान लगाया गया है कि इस संकट से भारत सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। ग्लेशियर पिघलने के कारण सिंधु, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी प्रमुख हिमालयी नदियों का प्रवाह कम हो जाएगा।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस समय दुनिया की 26 प्रतिशत आबादी को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल रहा है। सिर्फ 46 प्रतिशत आबादी ही सुरक्षित पेय जल का लाभ उठा पा रही है। दुनिया में औसतन ढाई अरब लोग साल में कम से कम एक महीने पानी की कमी से जूझते हैं।

यूनेस्को के महानिदेशक आंड्रे एजोले ने कहा है कि इस वैश्विक संकट से बाहर निकलने से पहले तत्काल प्रयास किये जाने की जरूरत है। जल मानवता के लिए खून की तरह है। यह लोगों के जीवन, स्वास्थ्य, लचीलेपन, विकास के लिए आवश्यक है। समय हमारे साथ नहीं है और करने को बहुत कुछ है।

## नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन की चार पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के चार पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने प्रधानमंत्री के सरकारी आवास बालुवाटार में मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा की है। उन्होंने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के चयन और मंत्रालय के बंटवारे पर भी चर्चा की। कांग्रेस नेता रमेश लेखक ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट विस्तार को लेकर शुरुआती चर्चा हुई है, लेकिन शीर्ष नेता किसी भी फैसले पर नहीं पहुंचे हैं। बैठक में प्रधानमंत्री एवं



सीपीएन (सीपीएन) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड, नेपाली कांग्रेस के सभापति शेर बहादुर देउबा, सीपीएन (एकीकृत समाजवादी) के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल और जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) के अध्यक्ष उपेंद्र यादव ने भाग लिया। सत्ता संतुलन में बदलाव के बाद प्रधानमंत्री प्रचंड 16 मंत्रालय खुद संभाल रहे हैं। कांग्रेस, सीपीएन(एस), जेएसपी, लोकतान्त्रिक समाजवादी और अन्य पार्टियां मंत्रालयों के बंटवारा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री प्रचंड इसी सप्ताह मंत्रिमंडल विस्तार करने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद उनके भारत दौरा की तैयारी की जा रही है।

## ब्रिटेन के विदेश मंत्री का एलान, लंदन में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा की होगी समीक्षा

**लंदन।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा है कि लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा की समीक्षा की जाएगी। खालिस्तान समर्थकों द्वारा बार-बार भारतीय उच्चायोग पर हो रहे हमलों के मद्देनजर भारत सरकार की तीव्र प्रतिक्रिया के बाद ब्रिटेन में सरकार सक्रिय हुई है।

इस सप्ताह दो बार खालिस्तान समर्थकों ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग पर हमला बोला है। इस पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई थी। भारत ने घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी और आगे से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के उपाय करने को भी कहा था। इसके अलावा विदेश मंत्रालय ने भारत में ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक को तलब कर अपना विरोध जताया था। इसके बाद ब्रिटेन की सरकार ने वहां सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर सड़क के दोनों ओर सौ से अधिक पुलिस अधिकारी पहरा दे रहे हैं। इस बीच ब्रिटेन के विदेश



मंत्री जेम्स क्लेवरली का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि भारतीय उच्चायोग में कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है। पुलिस जांच जारी है। उन्होंने कहा कि वह लंदन में भारतीय उच्चायोग और दिल्ली में भारत सरकार से नजदीकी संपर्क में हैं। साथ ही भारतीय उच्चायोग में सुरक्षा की समीक्षा करने के लिए महानगर पुलिस के साथ काम कर रहे हैं और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक बदलाव करेंगे। दावा किया कि वे हम हमेशा ब्रिटेन में सभी उच्चायोगों और विदेशी मिशनों की सुरक्षा को बेहद गंभीरता से लेंगे। इस तरह की घटनाओं को रोकेंगे और मजबूत प्रतिक्रिया देंगे।

ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और भारत के संबंध फल-फूल रहे हैं। दोनों देशों का 2030 तक संयुक्त रोडमैप हमारे संबंधों का मार्गदर्शन करता है। यह दिखाता है कि जब हम एक साथ काम करते हैं तो दोनों देशों के लिए नए बाजार और नौकरियां पैदा करते हैं और साझा चुनौतियों से निपटने में मदद करते हैं। उन्होंने भविष्य में ब्रिटेन और भारत के बीच गहरे संबंध बनाने की बात भी कही।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उजागर हुए आतंकी संगठन और पाकिस्तान के रिश्ते

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और पाकिस्तान के रिश्ते उजागर हुए हैं। इस दौरान आतंकियों और उनके परिजनों को पाकिस्तान में बसाने के पाकिस्तान सरकार के प्रयासों का विरोध करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ से हस्तक्षेप की मांग की गयी। जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 52वें सत्र के दौरान पश्तून कार्यकर्ता फजल उर रहमान अफरीदी ने आतंकवाद पर पाकिस्तान के दोहरे रवैया पर सवाल उठाया। अफरीदी ने पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति की ओर परिषद का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि वहां पश्तून जातीय अल्पसंख्यकों के बुनियादी मौलिक अधिकारों और जीवन के लिए गंभीर संकट पैदा हो रहा है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान सरकार और आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान




(टीटीपी) के बीच अघोषित समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत 44,000 टीटीपी उग्रवादियों और उनके परिवारों को खैबर पख्तूनख्वा में फिर से बसाने का फैसला हुआ है। इस फैसले का विरोध करते हुए पश्तून नेता ने कहा कि पाकिस्तान सरकार टीटीपी को शरिया कानूनों के तहत शासन चलाने के लिए अधिकार देने जा रही है। यह हालत चिंताजनक है। पश्तून संरक्षण आंदोलन के साथ हजारों पश्तूनों ने इस सौदे के खिलाफ पूरे पाकिस्तान में प्रदर्शन किया है। वे लगातार अपनी भूमि की मांग को लेकर आंदोलित हैं, किन्तु पाकिस्तान सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की, ताकि पश्तूनों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## सैन फ्रांसिस्को के भारतीय दूतावास पर फिर पहुंचे खालिस्तान समर्थक, बढ़ाई गयी सुरक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास पर एक बार फिर खालिस्तान समर्थक पहुंचे। उन्हें पुलिस ने दूतावास की ओर बढ़ने नहीं दिया। पुलिस ने दूतावास की सुरक्षा बढ़ाते हुए यहां बैरिकेडिंग कर दी है।

भारत में वारिस पंजाब दे संगठन के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इससे परेशान खालिस्तान समर्थकों ने ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के भारतीय दूतावासों पर हमला किया था। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर रविवार को कुछ खालिस्तान समर्थकों ने हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने इमारत के बाहर खालिस्तानी झंडे लहराए थे। तब दूतावास के बाहर कोई सुरक्षा नहीं थी।

जिसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी सरकार के सामने नाराजगी जताई थी। अमेरिकी सरकार अब हरकत में आ गई है। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर



सरकार ने भारी सुरक्षा बल तैनात कर वहां सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पुलिस ने दूतावास के चारों तरफ बैरिकेडिंग कर दी है। एक बार फिर कुछ खालिस्तान समर्थक दूतावास पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग के आगे बढ़ने नहीं दिया। सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तानी समर्थकों के हमले के बाद व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी का बयान आया था। उन्होंने कहा था कि सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में तोड़फोड़ 'बिल्कुल अस्वीकार्य' है और अमेरिका द्वारा इसकी निंदा की जाती है। अमेरिका में रहने वाले सिख समुदाय के नेताओं ने भी इसे लेकर विरोध जताया है। सिख नेताओं ने इन घटनाओं की निंदा की और कहा कि खालिस्तानी आंदोलन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है।

वाशिंगटन में रहने वाले सिख नेता जसदीप सिंह ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास के बाहर हुई किसी भी हिंसा या लंदन में भारतीय ध्वज के अपमान की निंदा करते हुए कहा कि हर किसी को विरोध करने का अधिकार है लेकिन यह शांतिपूर्ण होना चाहिए और कोई हिंसा या तोड़फोड़ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप मीडिया में जो कुछ भी देख रहे हैं कि अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान आंदोलन चल रहा है, वह सब बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उत्तरी अमेरिका में दस लाख से अधिक सिख रहते हैं और उनमें से केवल 50 भारतीय दूतावास के बाहर विरोध करने के लिए दिखाई देते हैं।

## यूक्रेनी सैनिकों को ट्रेनिंग दे रहा ब्रिटेन, साल के अंत तक 20000 कर्मियों को तैयार करना लक्ष्य

**कीव।** बीते साल 24 फरवरी को शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग में हर दिन नया मोड़ देखने को मिल रहा है। हाल ही में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने युद्ध अपराध के आरोप में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया। वहीं, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मॉस्को का दौरा किया तो जापान के के कमांडिंग ऑफिसर मेजर ट्रकर मिडलटन ने बताया, ÷यह



प्रशिक्षण बहुत बुनियादी है। जो भी भर्ती होते है, उनके पास बहुत कम सैन्य अनुभव होता है। हम उन्हें नागरिक के रूप में ही देखते हैं और फिर उन्हें सही जरूरी कौशल और अनुभव से लैस करने के लिए बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, ताकि वे अपनी मातृभूमि की रक्षा कर सकें।÷ उन्होंने यह भी कहा कि नए भर्ती यूक्रेनी सैनिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि कुछ हफ्तों की है। ब्रिटेन के साथ ही कनाडा और लिथुआनिया के सैन्य दल भी यूक्रेनी सैनिकों को जरूरी प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। कनाडा की टीम के कमांडिंग ऑफिसर मेजर जुर्गेन मिरांडा ने कहा, ÷प्रशिक्षण बुनियादी सैन्य कौशल पर केंद्रित है। इसलिए हमारा मुख्य उद्देश्य इन सैनिकों को युद्ध के मैदान में गोली चलाना, स्थानांतरित करना, संवाद करना और देवा देना सिखाना है, ताकि वे इस युद्ध में प्रभावी ढंग से लड़ सकें। हमारी कोशिश है कि इस प्रशिक्षण के खत्म होने तक वे युद्ध के मैदानी ज्यादा प्रभावी और घातक साबित हों और अपने देश की रक्षा करने में सक्षम हों। प्रशिक्षण में हथियारों की हैंडलिंग, युद्ध के मैदान में प्राथमिक चिकित्सा, फील्डक्राफ्ट, गश्त रणनीति आदि शामिल है।'

मिरांडा ने कहा, 'हम पहले ही 10 हजार यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षित कर चुके हैं और हम उम्मीद कर रहे हैं कि युद्ध के मैदान में 20 हजार से ज्यादा सैनिकों के लक्ष्य के साथ यह संख्या बढ़ती रहेगी। ब्रिटेन में प्रशिक्षण को लेकर एक यूक्रेनी सैनिक इगोर ने कहा, यह मेरे लिए एक कीमती और दिलचस्प अनुभव है। हमें अपने सहयोगियों द्वारा अपनी जमीन की रक्षा करना और सेना की रक्षात्मक रणनीति सिखाई जा रही है। हम इस समय यहां शहरी परिचालन (ऑपरेशन) पर प्रशिक्षण ले रहे हैं।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## अमेरिका में तूफान का तांडव: जलमग्न हुए कई शहर, सड़कें धंसी, बिजली गुल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के पश्चिमी तटीय राज्य कैलिफोर्निया में एक बार फिर चक्रवाती तूफान का कहर देखने को मिल रहा है। तूफान के चलते यहां हालात खराब होते जा रहे हैं। भारी बारिश और बर्फबारी ने बाढ़ जैसे हालात बना दिए हैं। कई शहर पानी में डूब गए हैं। तेज हवाओं से बिजली की लाइनें टूट गई हैं। इससे लाखों लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। मौसम विशेषज्ञों ने बारिश के चलते हालात और खराब होने की आशंका जताई है।

**दो लाख से ज्यादा लोग अंधेरे में रहने को मजबूर**

तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। इस कारण कम से कम दो लाख लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हो गए हैं। पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

**घरों में भरा पानी, रेस्क्यू किए जा रहे लोग**

भारी बारिश के चलते हजारों की संख्या में लोगों के घरों में पानी



भर गया है। इसके चलते लोग घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मदद से लोगों को रेस्क्यू किया जा रहा है। इसके लिए नाव का सहारा लिया जा रहा है।

**फ्लाइट्स प्रभावित हुई, सड़क भी जलमग्न हुए**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली फ्लाइट पर भी इसका असर पड़ा। भयंकर तूफान के कारण उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके अलावा कई सड़कें भी जलमग्न हो गई हैं। इसके चलते कई गाड़ियां बीच रास्ते में फंस गईं।

**20 लोगों की मौत, अरबों डॉलर का नुकसान**

कैलिफोर्निया ने दिसंबर के अंत से तूफानों की एक श्रृंखला देखी है। दिसंबर के बाद बारिश के कारण बाढ़ और फिर यहां रिकॉर्ड बर्फबारी भी हुई। इसके कारण 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई और अरबों डॉलर का नुकसान हुआ है। सांता क्रूज काउंटी ने बिजली के तारों और कारों के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना दी है। सेंट्रल वैली की तुलारे काउंटी में व्यापक बाढ़ के डर के कारण अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने का आदेश दिया है।

**भूस्खलन का बढ़ता खतरा**

एनडब्ल्यूएस लॉस एंजिल्स के अनुसार, जैसे-जैसे बारिश की दर बढ़ती है, वैसे-वैसे मिट्टी धंसने, बाढ़ और भूस्खलन होने का खतरा बढ़ जाएगा। केवल छह महीने पहले तक कैलिफोर्निया में अत्यधिक सूखा था, जो तीन साल तक चला। अब इस मौसम में कम से कम 11 वायुमंडलीय नदियों ने राज्य को प्रभावित किया है, जो भारी बारिश, बर्फबारी, बाढ़ और भूस्खलन लेकर आया है।

## अजय बंगा दो दिवसीय भारत दौरे पर, प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अमेरिकी उम्मीदवार आज से दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेज की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अजय बंगा 23 एवं 24 मार्च को नई दिल्ली में रहेंगे। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई दिग्गजों नेताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी भारत



की विकास प्राथमिकताओं, विश्व बैंक और वैश्विक आर्थिक विकास चुनौतियां पर भी चर्चा होगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय मूल के अजय बंगा के विश्व बैंक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की घोषणा के बाद भारत सरकार ने उनकी उम्मीदवारी का समर्थन किया है। इसके अलावा विभिन्न कारोबारी संगठनों और कई देशों की सरकार ने अजय बंगा के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। इनमें बांग्लादेश, कोलंबिया, मिस्त्र, फ्रांस, जर्मनी, घाना, इटली, जापान, केन्या, सऊदी अरब, कोरिया गणराज्य और ब्रिटेन शामिल हैं।